रोहतक
बुधवार 29 अप्रैल 2026
वैशाख मास शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी वर्ष : 30, अंक : 84
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 41.3
न्यूज़. 22.4

## कर्मचारियों-पेंशनर्स को तोहफा

# प्रदेश सरकार ने बढ़ाया 2 फीसदी महंगाई भत्ता

### डीए/डीआर की दर 58% से बढ़कर 60% की, 4 लाख को लाभ



**बढ़ोतरी एक जनवरी 2026 से होगी लागू**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा सरकार ने राज्य के कर्मचारियों और पेंशनरों को बड़ी राहत देते हुए महंगाई भत्ता (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) में वृद्धि करने का फैसला लिया है। वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, 7वें वेतन आयोग के तहत वेतन और पेंशन प्राप्त कर रहे कर्मचारियों व पेंशनरों का डीए/डीआर 58 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत कर दिया गया है। यह बढ़ोतरी 1 जनवरी 2026 से प्रभावी मानी जाएगी। सरकार के इस फैसले से राज्य के 4 लाख से अधिक कर्मचारी और पेंशनर/परिवार पेंशनर सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। यह निर्णय महंगाई के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए कर्मचारियों और पेंशनरों को आर्थिक राहत देने के उद्देश्य से लिया गया है। इससे उनकी मासिक आय में बढ़ोतरी होगी और एरियर मिलने से एकमुश्त अतिरिक्त राशि भी प्राप्त होगी।

### जून माह में होगा एरियर का भुगतान

आदेश के अनुसार, बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता मई 2026 के वेतन और पेंशन के साथ दिया जाएगा, जबकि जनवरी 2026 से अप्रैल 2026 तक का एरियर जून 2026 में भुगतान किया जाएगा। 50 पैसे या उससे अधिक की राशि को अगले पूरे रुपये में राउंड ऑफ किया जाएगा। 50 पैसे से कम की राशि को नजरअंदाज किया जाएगा। यह आदेश 1 जनवरी 2026 से लागू माना जाएगा।

## खबर संक्षेप

### पीएम ने 2 अमृत भारत को हरी झंडी दिखाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को कांशी में 6,350 करोड़ रुपये की 163 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इनमें सिग्नेचर ब्रिज और कबीरचौरा मंडलीय अस्पताल में सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल शामिल हैं। पीएम ने दो नई ट्रेनों अमृत भारत को हरी झंडी दिखाई। एक ट्रेन वाराणसी से पुणे के बीच चलेगी। दूसरी ट्रेन अयोध्या से मुंबई के लिए शुरू हुई। *एजेंसी*



### प्रो. बिश्नोई बने रहेंगे गुजवि के कुलपति

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई के कुलपति के रूप में कार्यकाल को दो मई से आगामी आदेशों तक बढ़ा दिया गया है। इस संबंध में हरियाणा के राज्यपाल एवं गुजविप्रौवि के कुलाधिपति प्रो. आसीम कुमार घोष द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कुलपति के रूप में कार्यकाल के विस्तार के लिए राज्यपाल और सीएम का आभार व्यक्त किया है। *हरिभूमि न्यूज*



### सीबीआई के जॉइंट डायरेक्टर को 3 माह जेल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कोर्ट ने दो सीबीआई ऑफिसर्स को दो दशक पहले एक रेड के दौरान इंडियन रेवेन्यू सर्विस (आईआरएस) ऑफिसर के घर में मारपीट करने और बिना इजाजत घुसने के जुर्म में तीन महीने की जेल की सजा सुनाई। ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट शशांक नंदन भट्ट रिटायर्ड पुलिस ऑफिसर वी के पांडे और रमनीश के खिलाफ सजा पर दलीलें सुन रहे थे, जो 2000 में रेड के समय सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस के तौर पर काम कर रहे थे। *एजेंसी*

### स्वाति मालीवाल ने ली भाजपा की सदस्यता

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में आप की पूर्व नेता और सांसद स्वाति मालीवाल मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गईं। दिल्ली भाजपा चीफ वीरेंद्र सचदेवा की मौजूदगी में उन्हें पार्टी की सदस्यता दी गई। रिपोर्टर्स से बात करते हुए, मालीवाल ने कहा वे पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के काम से प्रेरित होकर भाजपा जॉइन कर रही है। *एजेंसी*



### इंडिगो-एअर इंडिया फ्लाइट्स बंद होने की कगार पर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हवाई सफर आने वाले दिनों में महंगा हो सकता है, क्योंकि एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) महंगा होने से देश की प्रमुख एयरलाइंस का ऑपरेशन कॉस्ट (चलाने का खर्च) 20% तक बढ़ गया है। एअर इंडिया, इंडिगो और स्पाइसजेट जैसी बड़ी एयरलाइन कंपनियों के संगठन 'फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस' (एफआईए) ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को भेजी एक रिपोर्ट में मदद मांगी है। एफआईए ने बताया कि जेट फ्यूल महंगा होने से घरेलू एयरलाइंस के सामने कामकाज जारी रखना मुश्किल हो गया है।

**सरकार से एक्साइज ड्यूटी और वेट घटाने की मांग**

## आज बारिश का ऑरेंज अलर्ट, 60 किमी की रफ्तार से चलेगी आंधी

# बारिश-अंधड़ से मिली गर्मी से राहत, 4 डिग्री तक गिरा पारा, एक मई तक परिवर्तनशील रहेगा मौसम

हरिभूमि टीम ▶▶ हरियाणा

हरियाणा में पश्चिमी विक्षोभ के कारण मंगलवार को मौसम का मिजाज बदल गया। प्रदेश में सोमवार शाम को कई जिलों में हुई बारिश और आंधी के कारण अधिकतम तापमान में चार डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है। मंगलवार को 41.3 डिग्री के साथ रोहतक सबसे गर्म रहा। वहीं, मंगलवार को भी यमुनानगर और पंचकूला में हल्की बारिश हुई। मौसम केंद्र के अनुसार, पश्चिमी और दक्षिण-पश्चिमी हरियाणा में मौसम के बदलाव का ज्यादा असर देखने को मिलेगा। सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, चरखी दादरी, महेंद्रगढ़ और रेवाड़ी में बारिश को 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है। यहां 50-60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज धूलभरी हवाएं चलने और गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। बाकि हरियाणा, जिसमें अंबाला, करनाल, रोहतक, गुरुग्राम, फरीदाबाद और सोनीपत जिले शामिल है, इनमें यलो अलर्ट रहेगा।

### कल से मौसम होगा साफ

- मौसम विभाग के अनुसार, 29 अप्रैल को भी प्रदेश के मध्य और दक्षिण हिस्सों में येलो अलर्ट जारी रहेगा। हालांकि, 30 अप्रैल से मौसम साफ होना शुरू होगा और 1 मई तक पूरा प्रदेश 'ग्रीन जोन' में आ जाएगा।
- **ग्रीन जोन** मतलब होता है कि बारिश के आसार नहीं है। **यलो** का अर्थ है कि खराब मौसम की संभावना है, सतर्क रहें। **आरेंज** का मतलब भारी बारिश का अनुमान है। **ग्रीन** का मतलब सब ठीक है यानी कोई खतरा नहीं है।

### मई में भी सक्रिय होंगे प. विक्षोभ

मौसम विभाग के अनुसार हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मौसम में बदलाव के बावजूद उमस भरी गर्मी अपने रंग दिखाती रहेगी। इसके पीछे का कारण यह है कि 30 अप्रैल तथा उसके बाद दो मई व पांच मई को भी एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इससे हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा।

### गर्मी-लू को लेकर एडवाइजरी

**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने भीषण गर्मी को देखते हुए विस्तृत सार्वजनिक स्वास्थ्य एडवाइजरी जारी की है। इसका उद्देश्य आमजन को गर्मी से होने वाली बीमारियों से सुरक्षित रखना तथा सभी स्तरों पर प्रभावी तैयारियां सुनिश्चित करना है। सामान्य से अधिक तापमान की संभावना को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने सभी जिलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है और हीट-हेल्थ एक्शन प्लान को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा केंद्रीकृत निगरानी प्रणाली के माध्यम से हीट से संबंधित बीमारियों की प्रतिदिन मॉनिटरिंग एवं रिपोर्टिंग अनिवार्य कर दी गई है। एडवाइजरी में शराब, चाय, कॉफी एवं अधिक मीठे या कार्बोनेटेड पेय पदार्थों से परहेज करने की सलाह दी गई है, क्योंकि ये डिहाइड्रेशन का कारण बन सकते हैं।

## परमाणु कार्यक्रम को लेकर फंसा पेंच

# ईरान ढहने के कगार पर, जल्द खुलवाना चाहता है होर्मुज : ट्रंप

### ईरान का पलटवार-अमेरिका अब फैसले थोपने की स्थिति में नहीं, उसे अपनी गलत मांगें छोड़नी ही होंगी

एजेंसी ▶▶ तेहरान/वॉशिंगटन डीसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान ढहने की कगार पर पहुंच चुका है और जल्द से जल्द होर्मुज स्ट्रेट खुलवाना चाहता है। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ईरान ने अमेरिका को बताया है कि वह 'स्टेट ऑफ कोलैप्स' यानी बुरी स्थिति में पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि ईरान जल्द से जल्द होर्मुज स्ट्रेट खुलवाना चाहता है, ताकि समुद्री आवाजाही सामान्य हो सके। ट्रम्प ने यह भी कहा कि ईरान इस समय अपनी नेतृत्व स्थिति को संभालने की कोशिश कर रहा है।



वहीं, दूसरी तरफ ईरान के कहा है कि वह ट्रम्प का दबाव नहीं सहेगा। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता रेजा तलाएई-निक ने कहा कि अमेरिका अब उस स्थिति में नहीं है कि दूसरे देशों को बताए कि उन्हें क्या करना चाहिए। साथ ही अमेरिका को अपनी गलत मांगें छोड़नी होंगी। अमेरिका, ईरान और इजराइल के बीच फिलहाल सीजफायर लागू है।

**इसलिए नहीं बन रही सहमति :** ट्रम्प ने दो दिन में दूसरी बार ईरान का प्रस्ताव ठुकराया है। दरअसल, पिछले कई हफ्तों से ईरान और अमेरिका के बीच पाकिस्तान के जरिए प्रस्तावों का आदान-प्रदान हो रहा है, लेकिन परमाणु कार्यक्रम से जुड़े अहम मुद्दों पर अब तक सहमति नहीं बन सकी है। अमेरिका की मांग थी कि ईरान 20 साल तक अपना परमाणु कार्यक्रम रोक दे और अपने पास मौजूद 440 किलो समृद्ध यूरेनियम सौंप दे। ईरान ने इन मांगों को बहुत ज्यादा और अनुचित बताते हुए मानने से इनकार कर दिया था।

### ईरान युद्ध से खाड़ी देशों में विवाद, यूएई ने छोड़ा ओपेक

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने तेल उत्पादक देशों के संगठन ओपेक से बाहर होने का फैसला किया है। यूएई की सरकारी न्यूज एजेंसी के मुताबिक, यह फैसला 1 मई से लागू होगा। सरकार ने कहा कि यह कदम देश की लंबी अवधि की आर्थिक और रणनीतिक योजना के तहत उठाया गया है। यूएई का कहना है कि अब वह अपने देश में तेल और ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने के लिए निवेश तेज करेगा और ऊर्जा सेक्टर पर ज्यादा ध्यान देगा। ओपेक दुनिया के बड़े तेल उत्पादक देशों का समूह है, जो तेल उत्पादन तय करके सप्लाई और कीमतों पर असर डालता है। यूएई जैसे बड़े तेल उत्पादक देश के बाहर होने से वैश्विक तेल बाजार और ओपेक की आगे की रणनीति पर असर पड़ सकता है।

## विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने जारी किया नोटिस

# विस में समानांतर सत्र चलाने पर हुड्डा से मांगा स्पष्टीकरण


**अध्यक्ष बोले, ऐसे विधायकों को एकत्रित करना संसदीय परंपराओं के विपरीत**

**इससे सदन की गरिमा पर लगता है प्रश्नचिह्न**


**नेता प्रतिपक्ष बताएं, किस नियम के तहत इस तरह की गतिविधि की गई**

### विधानसभा सचिवालय ने सरकार के मुख्य सचिव से भी मांगी टिप्पणी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



अध्यक्ष बोले, नेता प्रतिपक्ष से अपेक्षा है कि वे इस मामले में जल्द और स्पष्ट जवाब देंगे



हरियाणा विधानसभा का एक दिन का सत्र अब विपक्ष खासतौर पर कांग्रेस के लिए नया सिरदर्द बन गया है। एक दिन पहले विस के बाहर खास सत्र चलाने को लेकर विस अध्यक्ष ने सवाल खड़े करते हुए जवाब तलब कर लिया है। इस तरह का पहली बार मौका है कि जब विस अध्यक्ष ने सदन के बाहर समांतर सदन चलाने पर जवाब तलबी हुई हो। हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने विधान सभा परिसर के बाहर तथाकथित समानांतर सत्र चलाने के नाम पर विधायकों को एकत्रित किए जाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा से औपचारिक स्पष्टीकरण देने के लिए पत्र लिखा है। इसके साथ ही विधान सभा सचिवालय ने प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव से भी इस विषय पर टिप्पणी मांगी है। विधान सभा अध्यक्ष ने कहा है कि यह कृत्य न केवल संसदीय परंपराओं के विपरीत प्रतीत होता है, बल्कि विधान सभा की गरिमा और स्थापित प्रक्रियाओं व नियमों पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष से पूछा है कि उन्होंने किन नियमों व संसदीय प्रथाओं के तहत इस प्रकार की अवांछित गतिविधि की है।

### विशेष सत्र की कार्यवाही कैसे असंवैधानिक

अध्यक्ष की ओर से यह भी सवाल उठाया गया है कि 27 अप्रैल को आयोजित हरियाणा विधानसभा के विशेष सत्र की कार्यवाही को असंवैधानिक करार देने का उनके पास क्या संवैधानिक या प्रक्रियात्मक आधार है। इसके साथ ही सदन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में प्रस्तुत सरकारी प्रस्ताव को असंवैधानिक बताने के पीछे ठोस कारणों का भी विस्तृत जवाब मांगा गया है।

### नियमों के तहत होती है सदन की कार्यवाही

कल्याण ने स्पष्ट किया कि सदन की कार्यवाही संविधान, नियमों और स्थापित संसदीय परंपराओं के अनुरूप संचालित होती है। ऐसे में किसी भी प्रकार की समानांतर या भ्रामक गतिविधि लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा और विश्वसनीयता को प्रभावित कर सकती है।

## गुजरात निकाय चुनाव

### सभी 15 नगर निगमों में भाजपा ने दर्ज की जीत

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात स्थानीय निकाय चुनाव में भाजपा ने शानदार जीत हासिल की है। राज्य के 15 नगर निगमों, 84 नगरपालिकाओं, 34 जिला पंचायतों और 260 तालुका पंचायतों के चुनाव की काउंटिंग सुबह 8 बजे से जारी है। इनमें 9992 सीटें हैं। भाजपा ने अब तक 6161 सीटें जीत ली हैं। कांग्रेस के खाते में 1315 और अन्य को 592 सीटें मिली हैं। इस चुनाव भाजपा का स्ट्राइक रेट 76% है। आम आदमी पार्टी (आप) ने दावा किया है कि उसे 380 सीटों पर जीत मिली है। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के 3 उम्मीदवारों को जीत मिली है।

**अहमदाबाद में पुलिस-भाजपा कार्यकर्ताओं में झड़प**

## सफियाबाद के हैं लड़के

### हरिद्वार के लिए निकले पांच किशोर लापता

**सोनीपत (हरिभूमि न्यूज)।** गांव सफियाबाद से पांच किशोरों के लापता होने का मामला सामने आया है। सभी लड़के 27 अप्रैल की शाम करीब 5:30 बजे घर से निकले थे और अपने दोस्तों के साथ हरिद्वार जाने की बात कह रहे थे। इसके बाद से उनका कोई सुराग नहीं लग पाया है, जिससे परिजनों में चिंता का माहौल है। ग्रामीण सफियाबाद टेकचंद ने बताया कि उनका 16 वर्षीय बेटे भविष्य उर्फ गोलू (16), तुषार (16), भविष्य (16), सौरव (15) और टोनी (15) एक साथ घर से निकले थे। इनमें से कुछ बच्चों के पास मोबाइल फोन थे, लेकिन घटना के बाद से सभी के फोन बंद आ रहे हैं। परिजनों ने अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन बच्चों का कहीं पता नहीं चला। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई।

**सभी के फोन बंद परिजनों ने चलाया तलाशी अभियान**

## अगले 2 वर्ष में उत्पादन शुरू

### भारत और रूस मिलकर यूरिया फैक्ट्री लगाएंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान जंग के कारण पैदा हुए यूरिया संकट के बीच भारत और रूस ने जॉइंट वेंचर में फर्टिलाइजर प्लांट लगाने की प्रक्रिया तेज कर दी हैं। यह प्लांट रूस के समारा में लगाया जा रहा है, जो अगले दो साल में बनकर तैयार हो जाएगा। हाल ही में एक भारतीय दल ने रूस का दौरा किया है। इस साझा प्रोजेक्ट में करीब 20 हजार करोड़ रुपये का निवेश होना है। रूस में लगने वाले 20 लाख टन क्षमता के यूरिया प्रोजेक्ट में इंडियन पोटाश लिमिटेड, आरसीएफ और एनएफएल शामिल हैं। इस प्रोजेक्ट के जरिए भारत खाद के आयात पर निर्भरता कम करना चाहता है।

**अभी जरूरत का 71% यूरिया मिडिल-ईस्ट से आ रहा**

## प्रशासन की ओर से घोषणा

### गुरुग्राम सीनियर डिप्टी मेयर व डिप्टी मेयर का चुनाव कल

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** गुरुग्राम नगर निगम में सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव 30 अप्रैल को होंगे। प्रशासन की ओर से आधिकारिक घोषणा कर दी है, जिसके बाद शहर की राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। निगम चुनाव होने के बावजूद इन दो महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति न होने के कारण कई विकास कार्य और प्रशासनिक फैसले लंबित थे। यह चुनाव आपसी सहमति न बन पाने और राजनीतिक खींचतान के कारण कई बार टाला जा चुका था और जिला प्रशासन और चुनाव अधिकारियों ने मिलकर 30 अप्रैल को मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराने का निर्णय लिया है।

**लंबित पड़े विकास कार्य हो सकेंगे शुरू**

## डंकी रूट से गया था यूएस

### करनाल के युवक की अमेरिका में जलकर मौत

**करनाल (हरिभूमि न्यूज)।** अमेरिका के टेक्सास शहर में एक फूड स्टोर में लगी भीषण आग में करनाल के युवक सुखविंद्र सिंह (22) की दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे में स्टोर मालिक विकांत, जो पंजाब के मोहाली का निवासी था, की भी जान चली गई। सुखविंद्र सिंह करनाल के गांव गंगाटेहड़ी का निवासी था और करीब चार साल पहले डंकी रूट के जरिए अमेरिका गया था। उसने 12वीं तक पढ़ाई की थी और परिवार ने उसे विदेश भेजने के लिए लगभग 50 लाख रुपये खर्च किए थे। अमेरिका पहुंचने के बाद वह टेक्सास में इसी फूड स्टोर पर काम करने लगा था।

**करनाल के गांव गंगाटेहड़ी का निवासी था सुखविंद्र सिंह**

# भारत को रूस से जल्द मिलेगी एस-400 मिसाइल की चौथी खेप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की कमर तोड़ने वाला रूसी एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 की चौथी यूनिट अगले महीने से भारत को मिलने की उम्मीद है। इस नई खेप से भारत की रक्षा क्षमता और मजबूत होगी। अक्टूबर 2018 में भारत ने रूस के साथ मिसाइल सिस्टम की पांच यूनिट खरीदने के लिए 5 अरब डॉलर की डील की थी, जिनमें से तीन यूनिट पहले ही मिल चुकी हैं। हथियार सिस्टम की सप्लाई के लिए तय की गई नई समय-सीमा के तहत मिसाइल की पांचवीं यूनिट नवंबर तक मिल जाएगी। पिछले महीने भारत ने रूस से एस-400 मिसाइल सिस्टम की पांच और यूनिट खरीदने की मंजूरी दी थी, जिससे इनकी कुल संख्या बढ़कर 10 हो जाएगी। जानकारी के मुताबिक, मिसाइल सिस्टम की चौथी यूनिट को रूस से रवाना किया जा चुका है।

### अमेरिकी प्रतिबंध के बावजूद खरीद

*भारत ने सात साल से भी पहले एस-400 मिसाइलें खरीदने का सौदा किया था। उस समय अमेरिका ने चेतावनी दी थी कि इस सौदे को आगे बढ़ाने पर 'काउंटरिंग अमेरिकाज एडवर्सरीज थ्रू सैंक्शंस एक्ट' के तहत अमेरिका भारत पर बैन लगा सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत को अमेरिका के प्रतिबंधों से किसी तरह की रुकावट की आशंका नहीं है।*

## मुंबई के नया नगर इलाके में पहलगाम हमले की तर्ज पर वारदात

# धर्म पूछा, फिर कलमा पढ़ने को कहा, उसके बाद चाकुओं से दो युवकों पर किया ताबड़तोड़ हमला

**आरोपी से मिले आईएसआईएस के दस्तावेज**



**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई के मीरा रोड स्थित नया नगर इलाके में एक युवक ने दो सिक्योरिटी गार्ड्स से उनका धर्म पूछने के बाद चाकू से हमला कर दिया। आरोपी की पहचान 31 साल के जैब जुबेर अंसारी के रूप में की गई है। घटना सोमवार सुबह करीब 4 बजे हुई। पुलिस के अनुसार, एक अंडर कंस्ट्रक्शन बिल्डिंग के पास दो सिक्योरिटी गार्ड, राजकुमार मिश्रा और सुब्रतो रमेश सेन ड्यूटी पर तैनात थे। आरोपी पहले इलाके में आया और मस्जिद का रास्ता पूछा। कुछ समय बाद वह दोबारा लौटा। उसने एक गार्ड से धर्म पूछने के बाद अचानक चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद वह केबिन में घुसा और दूसरे गार्ड से कलमा पढ़ने को कहा। जब गार्ड ऐसा नहीं कर पाया, तो उस पर भी हमला कर दिया गया। दोनों घायल गार्डों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### धर्म पूछकर 26 लोगों को भूना था गोलियों से

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पिछले साल 22 अप्रैल को आतंकी हमला हुआ था। लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकियों ने श्रीनगर से करीब 95 किमी दूर बैसरन घाटी में 22 अप्रैल 2025 को 26 लोगों को आतंकियों ने गोलियों से भून दिया था। आतंकियों ने पहले लोगों से उनका धर्म पूछा और फिर कलमा पढ़ने को कहा। इस हमले में हिंदुओं को चुन-चुन कर निशाना बनाया गया था।

### नासिक में महिला कर्मी पर धर्म बदलने का दबाव बनाया

नासिक के टीसीएस ऑफिस उत्पीड़न मामले में पुलिस ने दावा किया है कि मुख्य आरोपी निदा खान ने महिला कर्मचारी पर धर्म परिवर्तन और नाम बदलकर 'हानिया' रखने का दबाव बनाया था। इसके लिए पीड़िता को बुर्का और इस्लामिक किताबें दी थीं, जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया है। पीड़िता के मोबाइल में ऐसे ऐप्स भी इंस्टॉल कराए गए।

### अमरावती में 180 लड़कियों को धर्म परिवर्तन पर मजबूर किया

महाराष्ट्र के अमरावती में भी इस वर्ष अप्रैल में इस तरह का मामला सामने आ चुका है। अयान अहमद नाम के युवक ने 180 नाबालिग लड़कियों के अश्लील वीडियो बनाकर उन्हें धर्म परिवर्तन करने पर मजबूर किया था। उसने लड़कियों को लव ट्रैप में फंसाकर उनका यौन शोषण किया। सोशल मीडिया के जरिए उसने यह पूरा षड्यंत्र रचा था।

**यह बरामद :** महाराष्ट्र एटीएस ने उसके घर से आईएसआईएस से जुड़े नोट्स, एक लैपटॉप और कुरान की 3 कॉपियां बरामद की हैं। बताया जा रहा है कि आरोपी ने हमला अकेले प्लान किया था।

# विकास परियोजनाओं को तय समय में पूरा करें : मुख्यमंत्री

■ विजन टू एक्शन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्लानिंग टूल का शुभारंभ

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केवल लक्ष्य तय करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें निर्धारित समय में पूरा करना और उनकी नियमित समीक्षा करना भी उतना ही आवश्यक है, ताकि योजनाओं का लाभ सीधे आमजन तक पहुंचे। मंगलवार को सचिवालय में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने विभागों के 5-वर्षीय कार्यान्वयन रोडमैप की समीक्षा की। इस दौरान विजन टू एक्शन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्लानिंग टूल का भी शुभारंभ किया गया। स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्तीय प्रबंधन संस्थान के महानिदेशक डॉ. राज नेहरू ने बताया कि यह टूल विभागों को स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण, वर्षवार प्रगति ट्रैकिंग और एकरूप रिपोर्ट तैयार करने में मदद



करेगा, जिससे 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य में हरियाणा का योगदान सुनिश्चित हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी विभाग 2030 तक के लक्ष्यों को स्पष्ट टाइमलाइन के साथ तय करें और उनकी प्रगति की लगातार मॉनिटरिंग करें। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, प्रधान सचिव अरुण गुप्ता, गृह सचिव सुधीर राजपाल और पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### शिक्षा क्षेत्र में बड़े लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने नई शिक्षा नीति के तहत 2047 विजन को ध्यान में रखते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और रोजगारपरकता पर विशेष ध्यान दिया जाए, विश्वविद्यालयों को राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों की तर्ज पर विकसित किया जाए, बेहतर प्रदर्शन करने वाले विवि को 5-5 करोड़ रुपये की ग्रांट दी जाएगी, सकल नामांकन अनुपात 31% से बढ़ाकर 50% करने का लक्ष्य रखा गया है। 2028 तक जिला स्तर पर मॉडर्न संस्कृति महाविद्यालय स्थापित होंगे छात्राओं की ड्रॉपआउट दर कम करने और दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष स्कूल खोले जाएंगे।

### 2030 तक 5 लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य

उद्योग एवं वाणिज्य विभाग ने 2030 तक 5 लाख करोड़ रुपये के निवेश और 5 हजार से अधिक नए स्टार्टअप पंजीकरण का लक्ष्य रखा है। 30 मई 2026 तक सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 लागू होगा, स्वीकृति समय में 50% तक कमी लाई जाएगी, क्लस्टर आधारित औद्योगिक विकास और ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा मिलेगा, 100 स्किल सेंटर स्थापित कर युवाओं को रोजगार से जोड़ा जाएगा। एमएसएमई के लिए डिजिटल मार्केटप्लेस और आसान ऋण सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी सरकार अंतरराष्ट्रीय रोड शो और निवेशक सम्मेलनों के जरिए हरियाणा की वैश्विक पहचान मजबूत करने पर भी काम करेगी।

## उच्च शिक्षा परिषद और वाधवानी फाउंडेशन के बीच एमओयू

# कॉलेजों-विश्वविद्यालयों में स्टार्टअप संस्कृति और कौशल विकास को बढ़ावा दिया जाएगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद ने वाधवानी फाउंडेशन के साथ महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते का उद्देश्य प्रदेश के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में उद्यमिता, स्टार्टअप संस्कृति और कौशल विकास को बढ़ावा देना है। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने इसे सरकारी शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने वाली पहल बताया है।

पंचकूला में आयोजित परिषद की पांचवीं बैठक में शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकारी स्कूलों में बुनियाद और सुपर-100 जैसी योजनाओं की सफलता के बाद अब इसी मॉडल को उच्च शिक्षण संस्थानों में लागू किया जाएगा। इससे युवा आत्मनिर्भर बनेंगे




और रोजगार सृजन में योगदान देंगे। इस दौरान परिषद के न्यूजलेटर के पहले संस्करण विजन मिशन डॉक्युमेंट-2047 और कार्यशाला आधारित पुस्तक का विमोचन भी किया गया। मंत्री ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रदेशव्यापी जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। इसके तहत स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में शिक्षकों व विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति के अवसरों और प्रावधानों से जोड़ा जाएगा।

उन्होंने कहा कि शिक्षकों की भूमिका अब केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं रहनी चाहिए बल्कि उन्हें विद्यार्थियों को रोजगारपरक कौशल और उद्यमिता के लिए भी प्रेरित करना होगा।

### 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों का करेंगे मार्गदर्शन

शिक्षा मंत्री ने निर्देश दिए कि कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों के शिक्षक समय-समय पर 11वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों से अवगत कराएं, ताकि वे उच्च शिक्षा के नए अवसरों और संभावनाओं को समझते हुए अपने भविष्य की दिशा तय कर सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की भूमिका केवल शैक्षणिक ज्ञान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों को रोजगारपरक कौशल और उद्यमिता की ओर प्रेरित करने में भी महत्वपूर्ण होनी चाहिए। इसके लिए नियमित अंतराल पर वर्कशॉप और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश के कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में छात्रों की संख्या बढ़ाने पर भी सरकार का फोकस है।

### नशा तस्करों पर लगाम लगाने में सरकार विफल

**चंडीगढ़।** कांग्रेस नेता एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें जुमलेबाज करार दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पंजाब में बड़े-बड़े बयान दे रहे हैं, जबकि हरियाणा में नशे की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। सुरजेवाला ने कहा कि प्रदेश में नशे का असर गांवों, शहरों, स्कूलों और खेल मैदानों तक पहुंच चुका है। उन्होंने इसे गंभीर स्थिति बताते हुए कहा कि पहले हरियाणा को नशा मुक्त बनाने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एचएसएनसीबी) के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया कि राज्य में 860 कुख्यात नशा तस्कर चिह्नित हैं, जिनमें से बड़ी संख्या अभी भी बाहर है और सक्रिय रूप से नशा तस्करी में संलिप्त है।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का बैयनामा प्रस्तावित है :–

7470

मनकि राजकुमार पुत्र रिजकराम पुत्र मेहर सिहं, निवासी मकान न0 125, गांव ककरोला, दक्षिणी पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली–110078 एवं बिस्वेदार गांव निमाना, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2024–25, के अनुसार खेवट न0 196/192, खाता न0 199, मु0 न0 8, किला न0 6/2/3(1–13), 15/1(0–5), मु0 न0 9, किला न0 10/1/2(1–13) में से मिन पश्चिम (0–7), 10/2/2(1–9), 10/3(0–4), 11/1/1(0–0), 11/2/1(0–6) में से मिन पश्चिम (0–2), किते 7, तादादी रकबा 4 कनाल 0 मरला (0.5 एकड़) सालम भाग, वाका रकबा मौजा निमाना, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसको बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 4 कनाल 0 मरला (0.5 एकड़) पर दिया जा रहा है।

यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस बैय पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के बैय से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/BSO/744

मनकि परवीन कुमार यादव पुत्र रोहताश कंवर पुत्र चुन्नी लाल, निवासी मकान न0 74 बी, गांव सुरहेड़ा, दक्षिणी पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली–110043 एवं बिस्वेदार गांव दरियापुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022–23 व इंतकाल न0 3678 बैय, के अनुसार अराजी खेवट न0 153मिन/115, खाता न0 159 मिन, मु0 न0 48, किला न0 5(7–4), किता 1, तादादी रकबा 7 कनाल 4 मरले का 1/6 भाग, बकदर 1 कनाल 4 मरले व खेवट न0 156मिन/117, खाता न0 162 मिन, मु0 न0 41, किला न0 25(8–0), किता 1, तादादी रकबा 8 कनाल 0 मरले का 1/6 भाग, बकदर 1 कनाल 6.66 मरले व खेवट न0 414/302, खाता न0 427, मु0 न0 40, किला न0 21/2(4–13), मु0 न0 49, किला न0 1(7–11), किते 2, तादादी रकबा 12 कनाल 4 मरले का 1233/12200 भाग, बकदर 1 कनाल 4.66 मरले, उपरोक्त सभी खेवटों से कुल तादादी रकबा 3 कनाल 15.32 मरले (0.47075 एकड़) वाका रकबा मौजा दरियापुर, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को भूमि मु0 न0 40, किला न0 21/2 मिन पूर्व (3–10), मु0 न0 49, किला न0 1 मिन उत्तर पूर्व (0–5) किते 2, तादादी रकबा 3 कनाल 15 मरले (0.46875 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अत: यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 28.04.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile: 9810203697
E-mail: svkggn@yahoo.com

# महिलाओं को राजनीति में भागीदारी नहीं देना चाहती कांग्रेस : ठाकुर

■ हिमाचल के पूर्व सीएम बोले- संसद में विपक्ष के व्यवहार को देश ने देखा

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि महिला आरक्षण के रास्ते में कांग्रेस बाधा बनी हुई है। उन्होंने कहा कि संसद में कांग्रेस और विपक्ष के महिला विरोधी व्यवहार को देख की जनता ने देखा है। कांग्रेस महिलाओं को राजनीति में भागीदारी नहीं देना चाहती। परिसीमन को लेकर उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया जनगणना के बाद ही संभव है और महिला आरक्षण को लागू होने में 2029 तक का समय लग सकता है। पंचकूला में आयोजित एक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे ठाकुर ने हिमाचल की सुक्खू सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में आर्थिक आपातकाल जैसे हालात पैदा हो गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों और कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा और सरकारी खजाने का दुरुपयोग किया जा रहा है। ठाकुर ने कहा कि वित्तीय संकट के बावजूद हिमाचल सरकार अनावश्यक खर्च कर रही है। तीन वर्षों तक छह मुख्य संसदीय सचिव (सीपीएस) का बोझ खजाने पर डाला गया। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में रिकॉर्ड संख्या में डिप्टी एडवोकेट जनरल और एडवोकेट जनरल नियुक्त किए गए हैं और दिल्ली से महंगे वकील बुलाकर सरकारी धन खर्च किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि हिमकेयर और सहारा जैसी जनहित योजनाओं को बजट की कमी का हवाला देकर बंद करने की कोशिश की जा रही है।

### हिमाचल में आर्थिक आपातकाल जैसे हालात



उन्होंने कहा कि हिमाचल के इतिहास में पहली बार बजट में पिछले वर्ष की तुलना में करीब 3,000 से 3,500 करोड़ रुपये की कमी आई है। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार के समय प्रदेश पर कर्ज 69,600 करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 1.10 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कर्ज लेने की दर 7.2 प्रतिशत से बढ़ाकर 16 प्रतिशत कर दी गई है और अब पुराने कर्ज का ब्याज चुकाने के लिए नया कर्ज लिया जा रहा है। सांसद रेखा शर्मा द्वारा स्वर्गीय चौधरी भजनलाल पर की गई टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए ठाकुर ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को भाषा की मर्यादा बनाए रखनी चाहिए। हालांकि उन्होंने इस मामले की पूरी जानकारी न होने की बात भी कही।

# डॉ. कादियान निलंबन के दो सप्ताह बाद स्पेशल एचओडी नियुक्त

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने डॉ. सतबीर कादियान को सिंचाई विभाग में स्पेशल हेड ऑफ डिपार्टमेंट नियुक्त कर दिया है। अहम बात यह है कि दो सप्ताह पहले ही पंद्रह अप्रैल को में डॉ. सतबीर कादियान को विभागीय कारणों से निलंबित किया था। अब राज्य सरकार की ओर से तुरंत प्रभाव से बहाल करते हुए नई और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। कादियान जल प्रबंधन और सिंचाई क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं। उनकी नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब राज्य में जल संरक्षण, सिंचाई व्यवस्था और पानी के कुशल उपयोग को लेकर सरकार विशेष फोकस कर रही है।

आदेशों के अनुसार, स्पेशल एचओडी के तौर पर डॉ. कादियान विभाग में वाटर मैनेजमेंट व इरिगेशन योजनाओं की मॉनिटरिंग और तकनीकी सुधार जैसे कामों में प्रमुख भूमिका निभाएंगे। उनसे उम्मीद की जा रही है कि वे अपने अनुभव और विशेषज्ञता के आधार पर विभाग की कार्यप्रणाली को और मजबूत करेंगे।

### 15 अप्रैल को सरकार ने सस्पेंड किया था

कादियान को सस्पेंड करने के बाद इतनी जल्दी नई जिम्मेदारी मिलने पर प्रशासनिक हलकों में चर्चा हो रही है। सरकार ने पहले उनके सस्पेंशन का कारण सार्वजनिक नहीं किया था, लेकिन ब्यूरोक्रेसी में चर्चा थी कि मामला वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ा हो सकता है। निलंबन के दौरान उनका मुख्यालय पंचकूला स्थित हेड ऑफिस तय किया था। उस समय के आदेश पर सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल के साइन थे।

## उद्यान विभाग, हरियाणा

**पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनिमपुर (झज्जर)-124105**
ई-मेल: Coemunimpur@gmail.com

**फूल व सब्जियों की पौध तैयार करने के लिए media, Protrays and Corrugated boxes etc. की खरीद हेतु कुटेशन आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर हाईटैक ग्रीनहाउस में फूल व सब्जियों की पौध तैयार करने के लिए Media, Protrays and Corrugated Boxes की खरीद की जानी है जिसके लिए केन्द्र पर खुले बाजार से कुटेशन आमंत्रित की जाती है।
खरीदे जाने वाले सामान का विवरण निम्न प्रकार से है:-

| Sr. No. | Item Name | Unit | Specification | Quantity required | Amount in rupees Kg./Nos. per (including all axes) |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Cocopeat | Kg | EC below 1 mS/cm (low EC), pH 5.5-6.5. particle 1000 size 0.5-2mm (fine grade), water holding capacity 7-9 times of dry weight, low fibre content, organic matter content greater than 90%, nil pathogen load and brick shape with dark brown colour. | 1000 | |
| 02 | Perlite | Kg | Horticulture grade, Keltech brand | 320 | |
| 03 | Vermiculite | Kg | Horticulture grade, 2-4mm, Keltech brand | 640 | |
| 04 | Protrays | Nos. | 99 conical cavity. L-460mm, W-375mm, Ht-50mm & Dia of each cell-34mm | 4040 | |
| 05 | Corrrugated Boxes | Nos. | 3-ply corrugated box of size 19x15x8 inches, with 180 GSM Kraft paper (22 BF) for the outer layer, 140 GSM Semi-Kraft paper (18 BF) for the inner layer, broad fluting, two colour printing with dye writing, brushing strength of 7.5 kg/cm2 and a minimum box weight of 550 grams. | 4040 | |

1. इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन अपनी फर्म के लेटर हैड पर दिनांक 07.05.2026 तक सांय 02:00 बजे तक कार्यालय में दस्ती तौर/पोस्ट / कुरियर के माध्यम से जमा करवा सकते हैं।
2. कुटेशनों का आकलन कमेटी द्वारा किया जाएगा। अतः सबसे कम कुल कीमत वाली कुटेशन को स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशनों को स्वीकृत अस्वीकृत करने के सभी अधिकार केंद्र की आकलन कमेटी के पास होंगे।
3. इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए डॉ. हेमन्त (Mob no.8683801977) पर संपर्क कर सकते हैं।

हस्ता/-परियोजना अधिकारी कम विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता
केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर।

पीआरडीएच-1149/11/1086/2027/44842/88/6 दि. 28.04.2026

# पंचकूला में सब्जी विक्रेता की चाकू घोंपकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**पंचकूला।** राजीव कॉलोनी में मामूली कहासुनी के बाद एक नाबालिग ने कॉलोनी में रहने वाले सब्जी विक्रेता युवक की छाती में चाकू मारकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना के बाद लहूलुहान हालत में पड़े युवक को स्थानीय लोगों ने पुलिस की मदद से सेक्टर-6 नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान मोहित के रूप में हुई है, जो मूल रूप से उत्तर प्रदेश के वाराणसी का निवासी था और कई वर्षों से परिवार सहित पंचकूला की राजीव कॉलोनी में रह रहा था। वह सब्जी की रेहड़ी लगाकर गुजर-बसर करता था।ुलिस के अनुसार, मोहित और नाबालिग आरोपी के बीच पिछले कई दिनों से मामूली बातों को लेकर कहासुनी चल रही थी। सोमवार को सब्जी मंडी बंद होने के कारण मोहित अपने दोस्तों के साथ बाजार गया था। इसी दौरान न्यू इंदिरा कॉलोनी के सामने दोनों के बीच फिर विवाद हो गया। गुस्से में आकर नाबालिग ने मोहित की छाती में चाकू घोंप दिया, जिससे अधिक रक्तस्राव होने के कारण उसकी मौत हो गई।

## कार्यालय, नगर पंचायत कूंरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)

e-mail - npkunra2016@gmail.com

क्र./106/लो.नि.वि./न.पं. / 2026-27 कूंरा, दिनांक 27.04.2026

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना (6th Call)**

Main: Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
UADD Portal: http://uad.cg.gov.in

नगर पंचायत कूंरा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सिस्टम टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (लाख में) | निविदा ऑनलाईन करने की प्रारंभिक / अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 189886 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, Kunra Under SBM 2.0 (6 Call) th | 238.14 | 1.50 | प्रारंभिक तिथि 28.04.2026 अंतिम तिथि 08.05.2026 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से भी देखी / डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत कूंरा, जिला रायपुर (छ.ग.)

### महिला आरक्षण के नाम पर जनता को धोखा दे रही सरकार : सुनैना

**चंडीगढ़।** इनेलो महिला प्रकोष्ठ प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला ने बीजेपी सरकार द्वारा महिला आरक्षण बिल पर बुलाए विशेष विधानसभा सत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि महिला आरक्षण बिल पर बीजेपी पूरे देश के लोगों को मूर्ख बनाने की कोशिश कर रही है। सभी को पता है कि यह महिला आरक्षण बिल सितंबर 2023 को पास हो चुका है। लेकिन बड़ी चालाकी दिखाते हुए महिला आरक्षण बिल की आड़ में परिसीमन बिल पास करने की कोशिश की। परिसीमन बिल को पास न करवा कर विपक्ष ने बीजेपी की इस साजिश को फेल कर दिया। बीजेपी का महिलाओं के बारे में चाल चरित्र और चेहरा पूरे देश को पता है।

## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका बवानी खेड़ा | एम.सी. बवानी खेड़ा में वाल्मिकी मंदिर से मेन रोड, अमरजीत हाउस से हांसी चुंगी, शमशेर हाउस से राकेश हाउस, मीनू शॉप से अनूप हाउस और अनिल हाउस से मेन रोड, डॉ. राजबीर से अर्जुन हाउस तक इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक गली के पुनर्निर्माण हेतु द्वितीय बार निविदा + 4 कार्य। | 24.04.2026 07.05.2026 | रु. 88.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9802401200 mcbawanikhera1@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/60/44831/1/88/6 दि. 28.04.26

## ग्राम पंचायतों की भूमि को वर्ष 2026-27 के लिए पट्टे पर देने बारे प्रोग्राम खण्ड-मुरथल

खण्ड मुरथल में ग्राम पंचायतों की भूमि को वर्ष 2026–27 के लिए पट्टे पर देने हेतू ग्राम पंचायतों से विचार विमर्श व पारित प्रस्ताव अनुसार निम्नलिखित तिथि निश्चित की गई है:– जो निम्न प्रकार से है।

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत का नाम | रकबा ए.क.म. | पट्टा अवधि | तिथि | समय | स्थान | ग्राम सचिव के नाम | सुपरवाईजर के नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | असदपुर | 02–0–04 | 2026–27 | 04.05.2026 | 11:00 AM | सामान्य चौपाल | श्री मंजीत सिंह | एस०ई०पी०ओ० |
| 2 | भूरी | 06–7–07 | 2026–27 | 06.05.2026 | 11:00 AM | सामान्य चौपाल | श्री योगेन्द्र | बी०डी०पी०ओ० |
| 3 | भिगान | 13–6–04 | 2026–27 | 06.05.2026 | 04:00 PM | सामान्य चौपाल | श्री नरेन्द्र कुमार | बी०डी०पी०ओ० |
| 4 | राजपुर | 45–7–15 | 2026–27 | 07.05.2026 | 01:00 PM | सामान्य चौपाल | श्री विकास कुमार | बी०डी०पी०ओ० |
| 5 | मुकिमपुर | 09–7–05 | 2026–27 | 08.05.2026 | 01:00 PM | सामान्य चौपाल | श्री नवीन | बी०डी०पी०ओ० |
| 6 | रसुलपुर | 01–2–14 | 2026–27 | 08.05.2026 | 11:00 AM | सामान्य चौपाल | श्रीमति पूनम | एस०ई०पी०ओ० |
| 7 | मिमारपुर | 13–2–13 | 2026–27 | 11.05.2026 | 01:00 PM | सामान्य चौपाल | श्री प्रतीक | बी०डी०पी०ओ० |
| 8 | धतूरी | 11–5–08 | 2026–27 | 12.05.2026 | 01:00 PM | सामान्य चौपाल | श्री रिन्कू | बी०डी०पी०ओ० |
| 9 | बसौदी | 23–3–16 | 2026–27 | 13.05.2026 | 01:00 PM | सामान्य चौपाल | श्री अमित | बी०डी०पी०ओ० |
| 10 | पलड़ी-खुर्द | 11–2–05 | 2026–27 | 14.05.2026 | 01:00 PM | सामान्य चौपाल | श्री कुलदीप | बी०डी०पी०ओ० |
| 11 | कामी | 26–7–14 | 2026–27 | 15.05.2026 | 01:00 PM | सामान्य चौपाल | श्री रिन्कू | बी०डी०पी०ओ० |
| 12 | रामनगर | 01–3–10 | 2026–27 | 15.05.2026 | 11:00 AM | सामान्य चौपाल | श्री नीरज कुमार | एस०ई०पी०ओ० |
| 13 | लड़सौली | 5–0–00 | 2026–27 | 18.05.2026 | 11:00 AM | सामान्य चौपाल | श्री सोनू | एस०ई०पी०ओ० |
| 14 | सनपेडा | 14–6–19 | 2026–27 | 18.05.2026 | 01:00 PM | सामान्य चौपाल | श्री नवीन कुमार | बी०डी०पी०ओ० |
| 15 | उमेदगढ़ | 14–6–16 | 2026–27 | 19.05.2026 | 01:00 PM | सामान्य चौपाल | श्री नीरज कुमार | बी०डी०पी०ओ० |
| 16 | खेवड़ा | 174–0–00 | 2026–27 | 20.05.2026 | 11:00 AM | खण्ड कार्यालय मुरथल | श्री मनोज मलिक | ए०डी०सी०/ बी०डी०पी०ओ० |
| 17 | दिपालपुर | 216–7–01 | 2026–27 | 21.05.2026 | 11:00 AM | खण्ड कार्यालय मुरथल | श्री प्रदीप भनवाला | ए०डी०सी०/ बी०डी०पी०ओ० |
| 18 | जाजल | 112–7–19 | 2026–27 | 21.05.2026 | 02:00 PM | खण्ड कार्यालय मुरथल | श्री शमशेर | ए०डी०सी०/ बी०डी०पी०ओ० |
| 19 | जैनपुर | 05–4–00 | 2026–27 | 21.05.2026 | 11:00 AM | सामान्य चौपाल | श्री योगेन्द्र | एस०ई०पी०ओ० |
| 20 | मच्छरौला | 12–2–18 | 2026–27 | 25.05.2026 | 01:00 PM | सामान्य चौपाल | श्री विकास | बी०डी०पी०ओ० |
| 21 | बडौली | 16–5–19 | 2026–27 | 26.05.2026 | 01:00 PM | सामान्य चौपाल | श्री नवीन कुमार | बी०डी०पी०ओ० |
| 22 | मलिकपुर | 31–5–00 | 2026–27 | 28.05.2026 | 01:00 PM | सामान्य चौपाल | श्री कुलदीप | बी०डी०पी०ओ० |
| 23 | नांगल-खुर्द | 40–5–17 | 2026–27 | 29.05.2026 | 01:00 PM | सामान्य चौपाल | श्री आशीष | बी०डी०पी०ओ० |
| 24 | नान्दनौर | 09–6–02 | 2026–27 | 01.06.2026 | 01:00 PM | सामान्य चौपाल | श्री अंकित | बी०डी०पी०ओ० |
| 25 | गढ़-मिर्कपुर | 106–0–05 | वर्ष 2025–26 में बोली 2 वर्ष की गई थी। | | | | | |
| 26 | पिपली-खेड़ा | 65–0–00 | वर्ष 2025–26 में बोली 2 वर्ष की गई थी। | | | | | |
| 27 | ताजपुर | 73–7–08 | वर्ष 2025–26 में बोली 2 वर्ष की गई थी। | | | | | |
| 28 | जौशी-चौहान | 16–2–16 | वर्ष 2025–26 में बोली 2 वर्ष की गई थी। | | | | | |
| 29 | हसनपुर | 49–5–02 | वर्ष 2025–26 में बोली 2 वर्ष की गई थी। | | | | | |
| 30 | कुराड़-इब्राहिमपुर | 18–6–12 | वर्ष 2025–26 में बोली 2 वर्ष की गई थी। | | | | | |
| 31 | गढ़ी-बख्तावरपुर | 24–6–00 | वर्ष 2025–26 में बोली 2 वर्ष की गई थी। | | | | | |
| 32 | पलड़ी-कलां | 04–5–00 | वर्ष 2025–26 में बोली 2 वर्ष की गई थी। | | | | | |
| 33 | मुरथल | 40–0–00 | वर्ष 2025–26 में बोली 2 वर्ष की गई थी। | | | | | |
| 34 | टिकौला | 01–4–00 | वर्ष 2025–26 में बोली 2 वर्ष की गई थी। | | | | | |
| 35 | पलडा | 18–4–08 | वर्ष 2025–26 में बोली 2 वर्ष की गई थी। | | | | | |
| 36 | मेहन्दीपुर | 00–0–00 | | | | | | भूमि नहीं है। |
| 37 | पबनेरा | 200–0–00 | | | | | | भूमि यमुना नदी के अन्दर है। |
| 38 | कुमासपुर | 00–0–00 | | | | | | भूमि नहीं है। |
| 39 | किशौरा | 00–0–00 | | | | | | भूमि नहीं है। |
| 40 | जगदीशपुर | 00–0–00 | | | | | | भूमि नहीं है। |
| 41 | झुण्डपुर | 00–0–00 | | | | | | भूमि नहीं है। |
| 42 | टाण्डा | 00–0–00 | | | | | | भूमि नहीं है। |
| 43 | ग्यासपुर | 00–0–00 | | | | | | भूमि नहीं है। |

हस्ता/- खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, मुरथल

खबर संक्षेप

## पत्थर बांधकर महिला का शव कुएं में फेंका

**नूंह।** गांव बझेड़ा के जंगल से मंगलवार को एक महिला का शव पुराने कुएं से बरामद हुआ। शव को पत्थर से बांधा गया था ताकि वह ऊपर न आ सके। हालात देखकर कहा जा रहा है कि हत्या कर शव फेंका गया है। हालांकि महिला की मौत के कारणों का सही से खुलासा पोस्टमार्टम के बाद ही होगा। जानकारी के अनुसार, बझेड़ा के जंगलों से गुजर रहे कुछ राहगीरों को पुराने कुएं से दुर्गंध आई, जिसके बाद उन्होंने अंदर झांककर देखा तो कुएं के भीतर एक महिला का शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा था। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम भारी दलबल के साथ मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर शव को बाहर निकाला गया।

## गर्मी में अचानक तबीयत बिगड़ने से युवक की मौत

**ओढां।** क्षेत्र के गांव नुहियांवाली में एक व्यक्ति की तेज बुखार के बाद मौत हो गई है। गांव नुहियांवाली निवासी मृतक अजय के भाई सुनील कुमार ने बताया कि उसका भाई एक शराब ठेके पर कार्यरत था। सोमवार रात्रि को उसकी अचानक तबीयत बिगड़ी और तेज बुखार हुआ। वह रात को ठेके पर ही सो गया। रात्रि को उन्हें सूचना मिली कि अजय की तबीयत बिगड़ गई है, जिस पर वे मौके पर पहुंचे और उसे अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि लू की चपेट में आने के कारण अजय की मौत हुई है। शव का सिरसा के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

## फर्जी फिटनेस सर्टिफिकेट बनवाने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** फर्जी फिटनेस स यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वेदपाल निवासी सिविल लाइन दिल्ली ने थाना सेंट्रल में दी शिकायत में बताया कि उसका वेदपाल टूर एंड ट्रैवल्स के नाम से परिवहन व्यवसाय है। वह एक गाड़ी का फिटनेस सर्टिफिकेट बनवाने के लिए आरटीओ कार्यालय फरीदाबाद आया था। आरटीओ कार्यालय में उसकी मुलाकात रोहित नामक व्यक्ति से हुई। वह उसकी बातों में आ गया और गाड़ी के आवश्यक दस्तावेज उसे सौंप दिए। आरोपी ने उसे कर्ण ऑटोमोटिव कंपनी के नाम से जारी एक फिटनेस सर्टिफिकेट दिया। प्रमाणपत्र की पुष्टि के लिए कंपनी से संपर्क किया तो वह फर्जी निकला। पुलिस ने रोहित निवासी शिवाजी नगर गुरुग्राम को गिरफ्तार कर लिया।

## बिना डिग्री क्लीनिक चलाने वाला पकड़ा

**फरीदाबाद।** थाना मुजेसर क्षेत्र की संजय कॉलोनी में बिना किसी मेडिकल डिग्री के क्लीनिक चलाकर मरीजों का इलाज करने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। सेक्टर-55 पॉली क्लिनिक के एसएमओ डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि जांच के दौरान चांदनी क्लीनिक में नंदकेश्वर निवासी संजय कॉलोनी मौजूद मिला, जो डॉक्टर होने का प्रमाण नहीं दे सका।

### एनआईटी कुरुक्षेत्र में पहुंची महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणू भाटिया, अब मृतक विद्यार्थियों के परिजनों से मिलेंगी

# महिला आयोग ने दौरा कर प्रशासन से मांगा 4 स्टूडेंट की सुसाइड पर जवाब

**कहा-आपत्तिजनक गाने पर बॉलीवुड कलाकार संजय दत्त और नोरा फतेही ने माफी मांगी**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) पहुंची हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणू भाटिया ने एनआईटी से चार विद्यार्थियों की आत्महत्या के मामले में पूरी रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने अधिकारियों से आत्महत्या करने वाले विद्यार्थियों के माता-पिता की भी जानकारी मांगी है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों से पूरी जानकारी जुटाने के बाद इस मामले में आगामी कार्रवाई की जाएगी। इतने कम समय में तीन छात्र और एक छात्रा की आत्महत्या का मामला बेहद गंभीर है। चेयरपर्सन रेणू भाटिया ने कहा कि एनआईटी की घटनाओं के बारे में विद्यार्थियों ने उन्हें गुप्त जानकारी दी है। उस जानकारी के आधार पर एनआईटी प्रशासन के साथ बैठक की गई। आयोग को प्राप्त जानकारी के बिंदुओं पर समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि एनआईटी में टीम ने माहौल की जांच भी की है ताकि उन्हें पता चल सके कि यहां पर लाइफ सेफ है या नहीं। अब तक जो हादसे यहां पर हुए हैं, उन विद्यार्थियों के परिजनों के संपर्क नंबर लिए गए हैं। उनसे भी बातचीत की जाएगी। सभी से बातचीत के बाद ही आगे का निर्णय लिया जाएगा। चेयरपर्सन रेणू भाटिया ने बताया कि राष्ट्रीय महिला आयोग के संज्ञान लेने पर ही आपत्तिजनक गाने पर बॉलीवुड कलाकार संजय दत्त और नोरा फतेही ने माफी मांगी है।



कुरुक्षेत्र। एनआईटी में अधिकारियों से बातचीत करतीं चेयरपर्सन रेणू भाटिया।

### 26 मई को कुरुक्षेत्र में लगेगा जागरूकता शिविर

जिला के सभी विभागों की महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए 26 मई को कुरुक्षेत्र में एक मेगा शिविर का आयोजन किया जाएगा ताकि महिलाओं में अधिक से अधिक जागरूकता आए। चेयरपर्सन रेणू भाटिया ने कहा कि महिलाओं की शिकायत सुनने के लिए हर कार्यालय में एक कमेटी का गठन किया गया है। उस कमेटी में महिला कर्मचारी-अधिकारी की सुनवाई न होने पर जिला स्तरीय कमेटी में शिकायत का प्रावधान है। इस कमेटी को जिला स्तर पर उपायुक्त द्वारा गठित किया जाता है। जिला कुरुक्षेत्र में वर्ष 2020 से जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी के पास अब तक छह साल में एक शिकायत प्राप्त हुई है। इस शिकायत के दोनों पक्षों से फोन पर बातचीत की गई। दोनों को आगे की पूछताछ के लिए कार्यालय में बुलाया जाएगा। इस बैठक में नगराधीश आशीष कुमार, डीएसपी सुनील कुमार, जिला राजस्व अधिकारी चेतना चौधरी, दीपिका, उषा शर्मा, नेता, प्रवीन कुमारी सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### महिला कर्मचारी की आवाज बनें सीनियर

लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों को संबोधित करते हुए हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणू भाटिया ने कहा कि महिला अधिकारी खुद निडर व सक्षम बनकर महिलाओं के विरुद्ध होने वाले गलत कदम, शब्द या हरकत के खिलाफ आवाज उठाएं और अपने से छोटे कर्मचारियों के साथ होने वाले गलत को दबाने की बजाए उसको सही दिशा दिखाएं। यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन में ऐसा नहीं करेंगी तो कब करेंगी।

### एसटीएफ की बड़ी कामयाबी, यूपी-राजस्थान के बदमाश काबू

# अंबाला में हत्या करने आए गोदारा गैंग के 2 शूटर हथियारों समेत धरे

- आरोपियों के कब्जे से मेड इन स्पेन लिखी पिस्टल और कारतूस किए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला

स्पेशल टास्क फोर्स ने कुख्यात गैंगस्टर रोहित गोदारा गैंग के दो शार्प शूटर्स को गिरफ्तार किया है। ये बदमाश अंबाला छावनी में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए आए थे। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से विदेशी पिस्टल व अन्य हथियार बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार बदमाश राजस्थान और उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं।

एसटीएफ अंबाला को सूचना मिली थी कि राजस्थान और यूपी के दो शातिर बदमाश शास्त्री कॉलोनी के पास एनएच 44 ओवरब्रिज के नीचे खड़े हैं। सूचना मिलते ही सब-इंस्पेक्टर राजन की अगुवाई में एक विशेष टीम ने घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही आरोपियों ने भागने की कोशिश की, लेकिन मुस्तैद जवानों ने उन्हें चारों तरफ से घेरकर काबू कर लिया। पकड़े गए पकड़े गए बदमाशों की पहचान आगरा (यूपी) के भूपेंद्र सिंह उर्फ थापा और भरतपुर राजस्थान के नितिन उर्फ जट्टा के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान भूपेंद्र की पेंट से 'मेड इन स्पेन' लिखा हुआ देशी पिस्टल और मैगजीन में 3 जिंदा कारतूस बरामद हुए। नितिन की जेब से भी एक अतिरिक्त मैगजीन और 2 जिंदा कारतूस मिले।

पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि उन्हें गैंगस्टर रोहित गोदारा, जयप्रकाश उर्फ जेपी, देवेंद्र और वीरेंद्र उर्फ चारण ने हथियारों के साथ अंबाला भेजा था। उन्हें निर्देश दिए गए थे कि अंबाला पहुंचने पर उन्हें 'टारगेट' के बारे में बताया जाएगा, जिसे उन्हें मौत के घाट उतारना था। पुलिस अब इनके मोबाइल डेटा के जरिए इनके आकाओं और संभावित लक्ष्यों का पता लगा रही है। आरोपियों के खिलाफ थाना पड़ाव में कई धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।



अंबाला। पुलिस के हत्थे चढ़े बदमाश।

### कौन है रोहित गोदारा

गैंगस्टर रोहित गोदारा राजस्थान के बीकानेर जिले का रहने वाला है। वह अपराध की दुनिया में आने से पहले मोबाइल रिपेयरिंग सिखाने का काम करता था। 2021 में उसकी पत्नी ने रोहित के खिलाफ मामला दर्ज कराया। इसी के साथ रोहित की जिंदगी बदल गई। इसके कारण वह करीब 3 महीने तक जेल में रहा। यहीं से उसने अपराध की दुनिया में प्रवेश किया और कई संगीन वारदात में शामिल रहा। राजस्थान के साथ-साथ अब वह कई राज्यों में फिरौती, रंगदारी व हत्या के मामलों में संलिप्त है।

## पिता के हत्यारे को उम्रकैद व एक लाख के जुर्माने की सजा

**हिसार।** अदालत ने वर्ष 2021 में सातरोड गांव स्थित चौधरी कॉलोनी में पिता की हत्या करने के दोषी संदीप को उम्रकैद तथा एक लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। बता दें कि अदालत ने 23 अप्रैल को संदीप को दोषी करार दिया था।

अदालत में चले अभियोग के अनुसार सदर थाना पुलिस ने 9 जून 2021 को शिकायत दर्ज की थी। गांव पुठ्ठी समैण निवासी शिकायतकर्ता जयपाल ने बताया कि उसका बड़ा भाई वजीर सेना से रिटायर होकर करीब 7-8 साल पहले सातरोड कलां में चौधरी कॉलोनी में अपने बेटे संदीप के साथ रहने लगा था। संदीप की अपनी पत्नी से अनबन चल रही थी, जिसके चलते वह मायके चली गई थी। संदीप ऑटो रिक्शा चलाकर गुजारा करता था और शराब पीने का आदी था, जिस कारण वह अक्सर अपने पिता से झगड़ा करता रहता था। घटना वाले दिन कैंट क्षेत्र से सूचना मिली कि वजीर के घर से बदबू आ रही है। जब परिजन मौके पर पहुंचे और कमरे का दरवाजा खोला गया तो वजीर का शव चारपाई पर पड़ा मिला। उनके सिर पर गहरी चोट के निशान थे और आसपास खून फैला हुआ था। आरोप बेटे संदीप पर लगा था।

### कैथल के निजी स्कूल में शर्मनाक घटना

# शोर कर रहे बच्चों को रोका तो टीचर को डंडों से पीटा

- बेटी के साथ जा रहे शिक्षक का रास्ता रोककर 3 किशोरों ने बोला हमला, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल



कलायत में एक निजी स्कूल में कक्षा के दौरान बच्चों को शोर करने से रोकने पर तीन छात्रों ने शिक्षक का रास्ता रोकते हुए लाठी और डंडों से बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। शिक्षक स्कूल से छुट्टी होने के बाद अपने गांव बालू में वापस जा रहे थे। इसी दौरान गांव चौशाला में बालू रोड पर तीन नाबालिग छात्रों ने अध्यापक का रास्ता रोक लिया और डंडों व लाठियों से हमला कर दिया। शिक्षक की शिकायत पर कलायत थाना पुलिस ने तीन किशोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव गादड़ा पट्टी बालू के जगबीर सिंह ने बताया कि वह [illegible] स्कूल में शिक्षक हैं। 27 अप्रैल को वह स्कूल में डेमो क्लास ले रहे थे, जहां 5 से 7 बच्चे मौजूद थे। क्लास के दौरान दो छात्र बार-बार शोर कर रहे थे। मना करने पर दोनों ने धमकी दी कि स्कूल के बाद बाहर देख लेंगे। छुट्टी के बाद जब वह अपनी बाइक पर गांव लौट रहे थे तो कलायत-चौशाला रोड पर शराब ठेके के पास पहले से खड़े दोनों छात्रों और उनके एक साथी ने उन्हें रोक लिया। इस दौरान उनकी बेटी भी साथ थी। आरोपियों ने डंडों व अन्य तेजधार हथियार से हमला कर दिया। हमले के बाद वह बेहोश हो गए और खेतों में जा गिरे तथा आरोपी वहां से फरार हो गए। इस दौरान एक निजी स्कूल की बस वहां से जा रही थी। इस स्कूल में सवार शिक्षक ने उन्हें पहचाना और बेटी के साथ अस्पताल [illegible]। हमले के बाद जाते समय आरोपियों ने दोबारा मिलने पर जान से मारने की धमकी भी दी। घायल शिक्षक को पहले कलायत अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें कैथल रेफर कर दिया गया।

## कार की डिवाइडर से टक्कर दंपति समेत तीन की मौत

- दिल्ली से जा रहे थे चंडीगढ़, बेटे की हालत भी गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

थाना सदर थानेसर के अंतर्गत जीटी रोड पर खानपुर कोलियां के पास दिल्ली से चंडीगढ़ जा रही एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार दंपति सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा इतना भयानक था कि कार के परखच्चे उड़ गए और मौके पर ही चीख-पुकार मच गई।

सूचना मिलते ही थाना सदर पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद शवों को गाड़ी से बाहर निकाला। मृतकों की पहचान बृजभूषण (83), उनकी पत्नी कांता (80) और भारत के रूप में हुई है, जोकि दिल्ली के नांगलोई इलाके के रहने वाले हैं। हादसे में बृजभूषण के बेटे तरुण (53) गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तुरंत इलाज के लिए शाहाबाद के आदेश अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार, चारों होंडा अमेज कार में सवार होकर दिल्ली से चंडीगढ़ जा रहे थे। गाड़ी ड्राइवर भारत चला रहा था। जैसे ही गाड़ी हाईवे पर खानपुर कोलियां के पास पहुंची तो अचानक संतुलन बिगड़ने से गाड़ी डिवाइडर से टकरा गई। हादसा इतना भयावह था कि गाड़ी पलट गई और उसके परखच्चे उड़ गए।



कुरुक्षेत्र। हादसे के बाद बुरी तरह क्षतिग्रस्त कार।

## निवेश में मुनाफा दिखा सर्राफा व्यापारी से 3.05 करोड़ ठगे

**पलवल।** ऑनलाइन निवेश में मोटा मुनाफा कमाने का झांसे देकर एक सर्राफा व्यापारी से करीब तीन करोड़ रुपये की ठगी हो गई। साइबर थाना पुलिस के अनुसार, पलवल निवासी विक्रम सिंह ने शिकायत में बताया कि एक व्यक्ति ने उसे 'अल्फा एलायंस आर्बिट्रेज ट्रेडिंग' और 'वेल्थ क्लब जी-10' नामक वाट्सएप ग्रुप में जोड़ लिया। इन ग्रुपों को संचालित करने वाले लोग खुद को विदेशी संस्थागत निवेशक और शेयर बाजार विशेषज्ञ बताते थे। उन्होंने कई सप्ताह तक ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया और फोन में 'मार्क सीएम' नामक एप इंस्टॉल कराया। शुरुआत में ठगों ने छोटे निवेश पर अच्छा मुनाफा दिखाकर भरोसा जीता। इसके बाद दस प्रतिशत से लेकर तीन सौ प्रतिशत तक रिटर्न का लालच देकर अधिक निवेश करने का दबाव बनाया। पीड़ित से कुल 3.05 करोड़ रुपये ठग लिए गए। पीड़ित ने बताया कि जब उसने पैसे निकालने की कोशिश की तो ठगों ने संपर्क बंद कर दिया।

# हाईकोर्ट ने 49 न्यायिक अधिकारियों के किए तबादले

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चंडीगढ़

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा की जिला न्यायपालिका में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 49 न्यायिक अधिकारियों के तबादले, पुनर्नियोजन और नई पोस्टिंग के आदेश जारी किए हैं। इस बड़े बदलाव में सिविल जज (सीनियर डिवीजन), चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट, अतिरिक्त सिविल जज (सीनियर डिवीजन) और सिविल जज (जूनियर डिवीजन) स्तर के अधिकारियों को विभिन्न जिलों में बदला गया है। कई अधिकारियों के पदनाम भी परिवर्तित किए गए, जबकि कुछ के तबादले उनके स्वयं के अनुरोध पर हुए हैं।

सिरसा में प्रवेश सिंगला को चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट एवं सचिव जिला लीगल सर्विस अथॉरिटी पद से बदलकर सिविल जज (सीनियर डिवीजन) नियुक्त किया गया, जबकि चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट संतोष बगोठिया को उनकी जगह चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट-सह-सिविल जज (सीनियर डिवीजन), सचिव जिला लीगल सर्विस अथॉरिटी लगाया गया। जींद में मोनिका को चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट-सह-सिविल जज (सीनियर डिवीजन) से बदलकर चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट बनाया गया, जबकि अमित सिहाग को चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट से बदलकर चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट-सह-सिविल जज (सीनियर डिवीजन), सचिव जिला लीगल सर्विस अथॉरिटी नियुक्त किया गया। रोहतक की निशा को गुरुग्राम भेजकर चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट-सह-सिविल जज (सीनियर डिवीजन), सचिव जिला लीगल सर्विस अथॉरिटी बनाया गया, जबकि गुरुग्राम के राकेश कादियान को रोहतक स्थानांतरित किया गया।

फतेहाबाद में गायत्री को चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट-सह-सिविल जज (सीनियर डिवीजन) पद से सिविल जज (सीनियर डिवीजन) बनाया गया, जबकि सुयाशा जावा को चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट से बदलकर चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट-सह-सिविल जज (सीनियर डिवीजन), सचिव जिला लीगल सर्विस अथॉरिटी की जिम्मेदारी दी गई। रेवाड़ी में अमित वर्मा को चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट-सह-सिविल जज (सीनियर डिवीजन) से सिविल जज (सीनियर डिवीजन) और डॉ. रेनु सोल्खे को चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट से बदलकर चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट-सह-सिविल जज (सीनियर डिवीजन) बनाया गया। साथ ही सांसदों और विधायकों से जुड़े मामलों की सुनवाई कर रहे अधिकारी अपने प्रकरण सक्षम अदालतों को हस्तान्तरित करेंगे।

### इन जजों को भी किया स्थानांतरित

| नाम | पहले | अब |
|---|---|---|
| परवीन | अंबाला | चरखी दादरी |
| डॉ. इराम हसन | करनाल | अंबाला |
| अपर्णा भारद्वाज | पंचकूल | कैथल |
| विनोद कुमार | कैथल | पंचकूला |
| डॉ. प्रियंका जैन | नूंह | कनीना |
| विक्रांत | सोनीपत | महेंद्रगढ़ |
| परवीन कुमार-I | कनीना | पटौदी |
| नेहा यादव | पटौदी | पुन्हाना |
| अस्मिता देसवाल | पुन्हाना | जगाधरी |
| गौरव खटाना | महेंद्रगढ़ | नूंह |
| डॉ. करुणा शर्मा | जगाधरी | सोनीपत |

### जूनियर डिवीजन में इनका तबादला

जूनियर डिवीजन में वंदना और डॉ. मुकेश कुमार-I को नूंह से नारनौल, सुमित तुर्किया को गुरुग्राम से महेंद्रगढ़, अरुण डाबला को गुरुग्राम से पुन्हाना, प्रदीप कुमार को महेंद्रगढ़ से करनाल, कोपल चौधरी को नारनौल से गुरुग्राम, निधि को फरीदाबाद से नूंह, मोहित सिंह डबाद को चंडीगढ़ से महेंद्रगढ़ तथा रितु तंवर को महेंद्रगढ़ से चंडीगढ़ प्रतिनियुक्ति पर भेजा गया। वसुंधरा राव को जगाधरी से फरीदाबाद, साहिल शर्मा को बिलासपुर से जगाधरी, श्रीश सेठी को करनाल से घरौंडा और तन्वी गर्ग को रतिया से टोहाना नियुक्त किया गया।

## सीवर साफ करने उतरे सफाई कर्मचारी की मौत

**पलवल।** जैंदापुर गांव में सोमवार को सीवर की सफाई करते समय जहरीली गैस के कारण एक सफाई कर्मी जितेंद्र की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, गांव में कई दिनों से सीवर जाम था। सुबह करीब दस बजे जितेंद्र को सफाई कार्य के लिए बुलाया गया। वह सीवर के अंदर उतरा तो कुछ ही देर में जहरीली गैस के कारण उसका दम घुटने लगा और वह बेहोश होकर वहीं गिर गया। आसपास मौजूद लोगों ने जब काफी देर तक कोई हलचल नहीं देखी तो उसे बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गदपुरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस जांच अधिकारी राजेंद्र ने बताया कि बीएनएस की धारा 194 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।



तैयारी

### सरकार ने जारी किया आखिरी रिमाइंडर, इसके बाद मानेंगे कोई पद खाली नहीं

# ग्रुप डी के खाली पदों का सभी विभागों से मांगा ब्योरा, 4 मई तक देना है जवाब

**ग्रुप डी की नई भर्ती या तबादलों पर हो सकता है विचार**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला

प्रदेश सरकार ने राज्य के विभिन्न बोर्ड, निगम और सरकारी एजेंसियों में खाली पड़े ग्रुप डी पदों को भरने की प्रक्रिया तेज कर दी है। इसके तहत मानव संसाधन विभाग ने फिर रिमाइंडर जारी करते हुए खाली पदों की पूरी जानकारी जल्द भेजने के निर्देश दिए हैं। जारी पत्र में साफ कहा गया है कि सभी संबंधित विभाग निर्धारित फॉर्मेट में अपने यहां के खाली पदों का विवरण ईमेल के जरिए भेजें। यह जानकारी 4 मई को दोपहर 3 बजे तक हर हाल में भेजनी होगी।

मानव संसाधन विभाग ने बताया कि इससे पहले 3 अप्रैल को भी सभी प्रशासनिक सचिवों और विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए गए थे। इसमें ग्रुप डी के खाली पदों चौकीदार और स्वीपर को छोड़कर का डेटा मांगा गया था। हालांकि अब तक कुछ ही विभागों ने जानकारी भेजी है। ऐसे में सरकार को दोबारा रिमाइंडर जारी करना पड़ा। सरकार ने सख्त रुख अपनाते हुए साफ कर दिया है कि यदि कोई विभाग तय समय तक जानकारी नहीं भेजता है तो यह मान लिया जाएगा कि वहां ग्रुप डी के कोई पद खाली नहीं हैं। इसका सीधा असर भविष्य की भर्तियों पर पड़ेगा क्योंकि बिना डेटा के उन विभागों में भर्ती प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ेगी।

### इन विभागों से मांगी गई जानकारी

कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड, हरियाणा रिन्यूएबल एनर्जी डिवेलपमेंट एजेंसी, महिला विकास निगम, हरियाणा लोक सेवा आयोग, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, हरियाणा स्टाफ सेलेक्शन कमीशन, हारट्रॉन, हरियाणा पर्यटन निगम लिमिटेड, अर्बन लोकल बॉडीज।

### कर्मचारियों की ट्रांसफर पोर्टल पर निगाहें

ग्रुप डी भर्ती 2023 के तहत लगे कर्मचारियों को गृह जिले से बहुत दूर तक स्टेशन मिले हुए हैं। इसके बाद वेटिंग लिस्ट के कर्मचारी भी दूर दराज के जिलों में पोस्टेड हैं। उनकी काफी दिनों से ट्रांसफर पोर्टल पर निगाहें टिकी हुई है। नई भर्ती या वेटिंग लिस्ट न निकालकर सरकार ट्रांसफर पोर्टल खोलने के मूड में भी हो सकती है। इस बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है। लेकिन गृह जिले से 350 किलोमीटर दूर भी ग्रुप डी को पोस्टिंग दी हुई है।

### भर्ती प्रक्रिया में आएगी तेजी

सरकार के इस कदम से यह साफ संकेत मिल रहा है कि आने वाले समय में ग्रुप डी पदों पर बड़ी भर्ती हो सकती है। खाली पदों का पूरा डेटा मिलने के बाद ही भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। सभी विभागों से एक समान फॉर्मेट में जानकारी लेने का उद्देश्य भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और तेज बनाना है। अगर विभाग समय पर जानकारी भेजते हैं तो जल्द ही हरियाणा में ग्रुप डी की नई भर्तियों का रास्ता साफ हो सकता है। अब नजर 4 मई की डेडलाइन पर टिकी है।

## गुरुग्राम में सीएनजी ऑटो में लगी आग, जिंदा जला चालक

**गुरुग्राम।** राजीव चौक के पास सीएनजी ऑटो में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि चालक को बाहर निकलने तक का मौका नहीं मिला और वह ऑटो के अंदर ही जिंदा जल गया। आसपास मौजूद लोगों ने ड्राइवर को बचाने की कोशिश की। राहगीरों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। पुलिस को ड्राइवर सीट पर एक जली हालत में डेडबॉडी मिली। पुलिस जांच में पता चला है कि दुर्घटनाग्रस्त ऑटो उत्तर प्रदेश के नोएडा निवासी एक व्यक्ति के नाम पर रजिस्टर्ड है। पुलिस ने ऑटो मालिक से संपर्क किया और उसे गुरुग्राम बुलाया गया है। फिलहाल मृतक ड्राइवर की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि मृतक कहां का रहने वाला था। प्रारंभिक तौर पर आग का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।



# एआई और टेक्नोलॉजी का असर, प्राइवेट बैंक में जाने लगी नौकरियां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के बड़े प्राइवेट बैंक अब 'एम्प्लॉई ऑप्टिमाइजेशन' की तरफ बढ़ रहे हैं, यानी कम लोगों के साथ ज्यादा काम करने की रणनीति। टेक्नोलॉजी और एआई के बढ़ते इस्तेमाल से कई काम ऑटोमेट हो रहे हैं। इससे बैंक कम स्टाफ के साथ भी ज्यादा ब्रांच चला पा रहे हैं। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, एचडीएफस बैंक के कर्मचारियों की संख्या वित्तीय वर्ष 2026 के अंत में घटकर 2.11 लाख रह गई, जो पिछले साल 2.14 लाख थी। मार्च तिमाही में ही करीब 4,000 कर्मचारी घटे हैं। एक्सिस बैंक में भी कर्मचारियों की संख्या घटकर 1.01 लाख रह गई। यह पिछले साल 1.04 लाख थी। बैंकों में टेक्नोलॉजी और डिजिटल सिस्टम के बढ़ते इस्तेमाल की वजह से बड़ा बदलाव हो रहा है। एआई और ऑटोमेशन के जरिए कई काम अब पहले से ज्यादा तेजी से और कम लोगों में हो रहे हैं।

## निजी बैंक एम्प्लायी ऑप्टिमाइजेशन की तरफ बढ़ रही

### मिड साइज बैंक भी घटा रहे कर्मचारी

मिड-साइज आरबीएल बैंकिग में वित्तीय वर्ष 2026 में 13,316 कर्मचारी रहे। वित्तीय वर्ष 2025 में यह संख्या 14,265 थी। खास बात यह है कि पिछले करीब 10 साल में पहली बार इस बैंक में कर्मचारियों की संख्या घटी है। आईसीआईसीआई में भी गिरावट देखने को मिली। वित्तीय वर्ष 2025 के आंकड़ों के मुताबिक, कर्मचारियों की संख्या 1.30 लाख रही, जो पिछले साल के मुकाबले करीब 6,000 कम है। हालांकि सभी बैंकों में गिरावट नहीं आई है। यस बैंक में कर्मचारियों की संख्या थोड़ी बढ़ी है। वित्तीय वर्ष 2025 में 28,687 के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2026 में यह बढ़कर 29,573 हो गई।



### ब्रांच बढ़ीं, लेकिन स्टाफ कम हुआ

दिलचस्प बात यह है कि कर्मचारियों की संख्या घटने के बावजूद बैंक लगातार अपनी ब्रांच बढ़ा रहे हैं। एक्सिस बैंक ने वित्तीय वर्ष 2026 में करीब 400 नई ब्रांच जोड़ीं, जिससे कुल संख्या 6,275 हो गई। आईसीआईसीआई बैंक ने करीब 600 नई ब्रांच जोड़कर नेटवर्क 7,511 तक पहुंचाया। एचडीएफसी बैंक ने 234 नई ब्रांच जोड़कर कुल संख्या 9,689 कर दी।

## मार्केट न्यूज

### सिनेमा से बिजनेस तक : अभिनेत्री दिविता जुनेजा की नई उड़ान



**मुंबई।** अंबाला व चंडीगढ़ के बीच पली-बढ़ी दिविता जुनेजा के जीवन में सिनेमा ने काफी जल्दी दस्तक दे दी थी। देश के जाने-माने उद्यमी संजीव जुनेजा की बेटी होने के नाते उन्हें बचपन से ही बिजनेस और ब्रांडिंग की बारीकियों को करीब से समझने का अवसर मिला। उनके पिता ने पेन रिलीफ और पेट केयर से जुड़े प्रोडक्ट्स के क्षेत्र में एक मजबूत और सफल बिजनेस खड़ा किया है, जिसका प्रभाव दिविता की सोच और विजन में साफ दिखाई देता है। हाल ही में रिलीज हुई उनकी डेब्यू फिल्म ररहीर एक्सप्रेस" में उन्होंने अनुभवी कलाकारों के साथ स्क्रीन साझा की, लेकिन दिविता की असली खासियत सिर्फ अभिनय तक सीमित नहीं है। उनका आफ-स्क्रीन विजन और उद्यमशीलता उन्हें अलग पहचान दिला रही है। इसी कड़ी में, दिविता अब अपने पहले वेडिंग-थीम्ड पाप-अप इवेंट के साथ मुंबई के वर्ली स्थित एक स्टूडियो में कदम रखने जा रही हैं, जहां वह अपने लक्जरी फ्रेग्रेंस ब्रांड D'JANAÉ Attars को लान्च करेंगी। यह ब्रांड खास तौर पर शादियों और बड़े सेलिब्रेशन्स से जुड़े हाई-वैल्यू गिफ्टिंग सेगमेंट को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। मास मीडिया में स्नातक दिविता का फ्रेग्रेंस को लेकर नजरिया बेहद स्पष्ट और आत्मविश्वास से भरा हुआ है। D'JANAÉ Attars का मतलब है रडिवाइन एसेंसर यानी ऐसी खुशबू जो सिर्फ महक नहीं, बल्कि एक भावना और अनुभव बनकर उभरे। ब्रांड के अंतर्गत Shanti, Shringaar, Oud Al Malik और Oud Al Malika जैसे प्रोडक्ट्स शामिल हैं, जो पारंपरिक भारतीय खुशबूओं को आधुनिक और प्रीमियम टच के साथ प्रस्तुत करते हैं।

### मारुति सुजुकी के लाभ में 6.45 फीसदी की गिरावट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में 6.45 प्रतिशत घटकर 3,659 करोड़ रुपये रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में उसे 3,911.1 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। कंपनी ने कहा कि शुद्ध लाभ में गिरावट मुख्य रूप से 'मार्क-टू-मार्केट' प्रभाव के कारण आई है। साथ ही गैर-परिचालन आय में कमी आई है जो बॉन्ड प्रतिफल में बदलाव के कारण है, जिसकी भरपाई बाद में की जा सकती है। मार्क-टू-मार्केट परिसंपत्तियों की स्थितियों का मूल्यांकन करने की एक विधि है जो उनकी मूल खरीद कीमत के बजाय वर्तमान बाजार मूल्य पर आधारित होती है। यह वित्तीय स्थिति का वास्तविक समय में 'उचित मूल्य' की स्थिति प्रदान करती है। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि चाथी तिमाही में परिचालन आय 28.2 प्रतिशत बढ़कर 52,462.5 करोड़ रुपये हो गई जो 2024-25 की समान तिमाही में 40,920.1 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का कुल खर्च बढ़कर 48,125.3 करोड़ रुपये हो गया जो एक साल पहले इसी तिमाही में 37,585.5 करोड़ रुपये था।

## खबर संक्षेप

### रुपया 41 पैसे टूटकर 94.56 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया मंगलवार को 41 पैसे टूटकर 94.56 (अस्थायी) पर रहा। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के कारण निवेशकों का भरोसा कम होने से घरेलू मुद्रा दबाव में है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा है कि चालू खाते के घाटे (सीएडी) में संभावित वृद्धि और अस्थिर पूंजी प्रवाह के कारण भी रुपये में तेज गिरावट आई है।

### जिंदल शॉ के लाभ में 42 फीसदी का उछाल

**नई दिल्ली।** जिंदल शॉ का शुद्ध लाभ मार्च 2026 को समाप्त तिमाही में 42 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 123.68 करोड़ रुपये हो गया। मुख्य रूप से खर्च में कमी से लाभ बढ़ा है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में उसने 86.92 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। वित्तवर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में कुल आय पहले के 5,067.48 करोड़ रुपये से घटकर 4,656.85 करोड़ रुपये रह गई।

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने इसे एक बड़ा कदम बताया

# विशाखापत्तनम को एआई केंद्र बनाएगा गूगल, करेगा 15 अरब डॉलर का निवेश

एजेंसी ▶▶| तारलुवाड़ा (आंध्र प्रदेश)

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत की बढ़ती डिजिटल क्षमता का उल्लेख करते हुए मंगलवार को कहा कि 15 अरब डॉलर के आगामी गूगल एआई डेटा सेंटर के साथ विशाखापत्तनम कृत्रिम मेधा (एआई) केंद्र के रूप में उभरेगा। विशाखापत्तनम के तारलुवाड़ा में 'गूगल क्लाउड इंडिया एआई डेटा सेंटर' के शिलान्यास समारोह में उन्होंने कहा कि यह पहल भारत के एआई आधारित डिजिटल ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह परियोजना अदाणी कॉनेक्स और एयरटेल नेक्सट्रा के साथ साझेदारी में विकसित की जा रही है। इसमें विशाखापत्तनम में एक गीगावाट का 'हाइपरस्केल एआई डेटा सेंटर' शामिल होगा।

■ पहल भारत के एआई आधारित डिजिटल ढांचे को मजबूत बनाएगी

### पीएम के दृष्टिकोण की सराहना

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विशाखापत्तनम एक एआई शहर में परिवर्तित हो जाएगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के दृष्टिकोण की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि मजबूत नीतिगत समर्थन और नेतृत्व के दम पर भारत इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्षेत्र में विश्व के लिए एक प्रमुख विश्वसनीय मूल्य श्रृंखला और आपूर्ति श्रृंखला भागीदार के रूप में उभरने के लिए तैयार है।




### विशाखापत्तनम एआई सिटी में तब्दील होगा

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विशाखापत्तनम एक 'एआई सिटी' में तब्दील होगा। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू की दूरदर्शिता की सराहना की। उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा शिक्षा, स्वास्थ्य, वैमानिकी, लॉजिस्टिक और कृषि जैसे क्षेत्रों में बदलाव ला रही है और इस एआई केंद्र के जरिये कई प्रमुख सेवाएं उपलब्ध होंगी। रेल तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की भी जिम्मेदारी संभाल रहे वैष्णव ने कहा कि समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर के बाद परियोजना में तेजी से प्रगति हुई है और उन्हें विश्वास है कि जल्द ही प्रधानमंत्री द्वारा इस डेटा सेंटर का उद्घाटन किया जाएगा।

### लगभग 600 एकड़ भूमि आवंटित

वैष्णव ने बताया कि आंध्र प्रदेश सरकार ने इस परियोजना के लिए तारलुवाड़ा, अदाविवरम और रामबिल्ली क्षेत्रों में लगभग 600 एकड़ भूमि आवंटित की है। उन्होंने कहा, ''भारत की बढ़ती डिजिटल ताकत स्पष्ट है और 15 अरब डॉलर के गूगल एआई डेटा सेंटर के साथ विशाखापत्तनम एक प्रमुख एआई केंद्र बनने जा रहा है।''

### भारत बड़ी संख्या में मोबाइल का निर्यात कर रहा

वैष्णव ने कहा कि भारत अब बड़ी संख्या में मोबाइल फोन का निर्यात कर रहा है और घरेलू इलेक्ट्रॉनिक मांग का करीब 50 प्रतिशत पूरा कर रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सेमीकंडक्टर मिशन सहित इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन और विनिर्माण में भारत को वैश्विक केंद्र बनाने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने प्रौद्योगिकी कंपनियों से देश में सर्वर, ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) तथा चिप के विनिर्माण का आग्रह किया।

# सोना 1,800 रुपये टूटा, चांदी 6,500 रुपये फिसली

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 1,800 रुपये टूटकर 1.54 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रही, जबकि चांदी 6,500 रुपये लुढ़ककर 2.44 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गयी। कच्चे तेल की कीमत में आई तेजी और मजबूत डॉलर के कारण वैश्विक सर्राफा बाजार पर असर पड़ा है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,800 रुपये यानी 1.15 प्रतिशत टूटकर 1,54,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर रहा। सोमवार को सोना 1,56,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 6,500 रुपये यानी लगभग तीन प्रतिशत टूटकर 2,44,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गईं। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 2,50,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''मंगलवार को सोना तीन सप्ताह के निचले स्तर पर आ गया, क्योंकि बढ़ती ऊर्जा कीमतों ने मुद्रास्फीति की चिंताओं को बढ़ा दिया और लंबे समय तक उच्च ब्याज दरों की आशंका को मजबूत किया।'' उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति में वृद्धि की आशंका के कारण अधिक सख्त नीतिगत रुख की संभावना है। इससे बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि हुई है। परिणामस्वरूप, यह स्थिति कीमतों पर अतिरिक्त गिरावट का दबाव डालती है। गांधी ने कहा कि कारोबारी अमेरिकी फेडरल रिजर्व समेत प्रमुख केंद्रीय बैंकों के निर्णयों से पहले अपने सौदों को कम कर रहे हैं। इससे कीमतों पर दबाव और बढ़ गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 95.37 डॉलर यानी 2.04 प्रतिशत टूटकर 4,586.50 डॉलर प्रति औंस पर आ गया, जबकि चांदी 2.33 डॉलर यानी 3.09 प्रतिशत फिसलकर 73.18 डॉलर प्रति औंस पर रही।

# कच्चे तेल में उछाल से शेयर बाजार सहमा, सेंसेक्स 417 अंक फिसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई




कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में तेज उछाल और विदेशी निवेशकों की बिकवाली के दबाव में मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट रही। सेंसेक्स 417 अंकों के नुकसान में रहा जबकि निफ्टी 97 अंक गिरकर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि मुख्य रूप से बैंक, वित्तीय एवं वाहन कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट से मानक सूचकांक नुकसान में रहे। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 416.72 अंक गिरकर 76,886.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 562.57 अंक तक लुढ़ककर 76,741.06 तक पहुंच गया था। वहींनिफ्टी 97 अंक गिरकर 23,995.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल 30 कंपनियों में से एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक, इंटरग्लोब एविएशन, मारुति सुजुकी, भारतीय स्टेट बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। इसके विपरीत, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा और सन फार्मा के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई।

■ बाजार में विदेशी निवेशकों की बिकवाली का दबाव रहा

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से व.मं.यां.अभि./कै.एवंवै. अम्बाला के द्वारा ई–टेंडर संख्या 116S-WC-02-MC-4-2026-27 के अंतर्गत खुली निविदाए आमंत्रित की जाती हैं, जिसके बंद होने की तिथि व समय **15.05.2026, 15:00** है, जो उसी दिन **15:05 बजे** वेबसाइट पर खोले जाएंगे। इस निविदा के अंतर्गत मनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से सम्बंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

**ई-निविदा सूचना सं.- 116S-WC-02-MC-4-2026-27**

| |
|---|
| **S.No. 1: कार्य का नाम :** कोचिंग डिपो चंडीगढ़ में LHB कोचों के रखरखाव के दौरान 2 वर्षों के लिए कोच की सामान्य साज–सज्जा एवं यात्री सुविधाओं से संबंधित कार्य |
| **एडवरटाईजड वैल्यू :** रु. 1,69,21,860.38 |
| **धरोहर राशि :** रु. 3,38,400.00 |
| **कार्य की अवधि :** 2 वर्ष |
| **निविदा खुलने की तिथि :** 15.05.2026 |

**नोट:** 1. टेंडरर द्वारा निविदा दस्तावेज के साथ सभी संबंधित दस्तावेजों को अपलोड करना आवश्यक है। 2. निविदा सूचना / निविदा दस्तावेज की विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें।

**सं.: 116S-WC-02-MC-4-2026-27 दिनांक: 25.04.2026** 1416/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तगण **1. अक्षय उर्फ भोलू, पुत्रः कुलदीप कुमार, निवासीः मकान नंबर–761, गांव–नाथूपुर, जिला सोनीपत, हरियाणा 2. उमेद सिंह उर्फ रिंकू, पुत्रः जगदीश, निवासीः प्रह्लादपुर बांगर, दिल्ली** ने **FIR No.: 111/2016, U/s: 392/397/395/412/34 IPC, पुलिस थाना बवाना, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होने किया है) और उन पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. अक्षय उर्फ भोलू 2. उमेद सिंह उर्फ रिंकू** मिल नहीं रहें है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. अक्षय उर्फ भोलू 2. उमेद सिंह उर्फ रिंकू** फरार हो गऐं है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना बवाना, दिल्ली** के अभियुक्तगण **1. अक्षय उर्फ भोलू 2. उमेद सिंह उर्फ रिंकू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 29.05.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री जगमोहन सिंह
एएसजे–03, उत्तर, कमरा नंबर–312,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/5491/ON/2026

## राशिफल


**मेष** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**वृष** व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।


**मिथुन** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।


**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।


**सिंह** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।


**कन्या** मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें।


**तुला** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग–दौड़ अधिक रहेगी।


**वृश्चिक** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**धनु** आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।


**मकर** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।


**कुंभ** अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।


**मीन** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

विनिर्माण और बिजली क्षेत्र का सुस्त प्रदर्शन

# देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर मार्च में 4.1% घटी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम एशिया संकट के बीच मार्च में विनिर्माण क्षेत्र के सुस्त प्रदर्शन और बिजली उत्पादन लगभग स्थिर रहने से औद्योगिक उत्पादन वृद्धि मार्च में घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.1 प्रतिशत पर आ गई। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के मुताबिक, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आधार पर मार्च 2025 में देश का औद्योगिक उत्पादन 3.9 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। मार्च 2026 का 4.1 प्रतिशत वृद्धि का आंकड़ा पिछले पांच महीनों का सबसे निचला स्तर है। इससे पहले अक्टूबर 2025 में वृद्धि दर 0.5 प्रतिशत रही थी।

### पूंजीगत वस्तुओं का सूचकांक 156.2 रहा

उपयोग पर आधारित वर्गीकरण के अनुसार, पिछले महीने प्राथमिक वस्तुओं का सूचकांक 173.3, पूंजीगत वस्तुओं का 156.2, मध्यवर्ती वस्तुओं का 181.4 और बुनियादी ढांचा/निर्माण वस्तुओं का 229.0 रहा। इसके अलावा, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं का सूचकांक 146.2 और गैर-टिकाऊ वस्तुओं का 150.6 रहा। इसके साथ ही एनएसओ ने फरवरी 2026 के औद्योगिक उत्पादन आंकड़े को भी संशोधित कर 5.1 प्रतिशत कर दिया है। यह 5.2 प्रतिशत के पिछले अनुमान से थोड़ा कम है।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सुचना संख्या–ETrU-T-01-2026-27**


वरि. मंडल विद्युत अभियंता/क.वि./उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–टेंडरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं को प्रत्येक कार्य के आगे दर्शाई गई तिथि को 15:00 बजे तक **www.ireps.gov.in** पर अपलोड किया जा सकता। इनको 15:00 बजे के उपरांत तत्काल खोला जायेगा।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा बंद/खुलने की तिथि | लगभग लागत | धरोहर राशि | कार्य पूरा करने की अवधि | वैधता अवधि | टेण्डर फॉर्म की कीमत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ETrU-T-01-2026-27 | अंबाला डिवीज़न के अंतर्गत हिंडन केबिन से सनेहवाल सेक्शन में, 800 Amp सिंगल पोल आइसोलेटर के स्थान पर 1600 Amp सिंगल पोल आइसोलेटर लगाने का प्रावधान हेतु कार्य। | 20.05.2026 | ₹ 1,28,17,850.66/- | ₹ 2,56,400/- | 08 महीने | 60 दिन | Downloading through IREPS portal -NIL, (₹ 5,000/– Sr.DEE/TRD/UMB ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए) |

1. निविदाकार को सभी जरुरी योग्यता दस्तावेज एवं PAN/GSTIN की Scanned Copies IREPS पोर्टल पर अपलोड करनी है। 2. निविदाकार के पास ई–निविदा में भाग लेने के लिए क्लास-III Digital Signature Certificate होनी चाहिए। 3. कार्य में GST, BOCWW, Income Tax एवं नियमानुसार आवश्यक टैक्स लागू होंगे। 4. कार्य में सिमिलर नेचर कंडीशन लागु हैं एवं इस प्रकार है: **"Design, supply, erection, testing & commissioning of 50Hz, single phase 25 KV AC OHE".** 5. टेंडर डॉक्यूमेंट एवं निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाये। **संख्याः. ETrU-T-01-2026-27 दिनांक: 28.04.2026** 1425/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## शब्द पहेली - 6210




**बाएँ से दाए-**
1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**
2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

### शब्द पहेली -6209 का हल





## आदेशों की अवहेलना पर हाईकोर्ट ने नाखुशी जताई

मुंबई (भाषा)। मुंबई उच्च न्यायालय ने सरकारी अधिकारियों द्वारा अदालती आदेशों की अवहेलना करने के 'दुस्साहस' पर नाखुशी व्यक्त करते हुए जानबूझकर अवज्ञा करने के लिए कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) के निदेशक के खिलाफ अवमानना नोटिस जारी किया।

**एसएससी निदेशक को अवमानना नोटिस जारी**

न्यायमूर्ति रविंद्र घुगे और न्यायमूर्ति हितेन की पीठ ने 24 अप्रैल को कहा कि वे इस बात से बेहद चिंतित हैं कि उच्च न्यायालय के आदेशों की अवज्ञा इतनी व्यापक हो गई है कि हर साल सैकड़ों अवमानना याचिकाएं दायर की जाती हैं, जिनमें से अधिकतर राज्य और केंद्र सरकारों या उनके अधिकारियों के खिलाफ होती हैं।

**हरियाणा के पूर्व विधायक छौकर की ज़मानत पर सुनवाई के दौरान टिप्पणी**

# पीड़ितों के अधिकार भी जरूरीः सुको

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को ज़मानत से जुड़े उस पुराने कानूनी सिद्धांत के उन बिंदुओं पर सवाल खड़े किए जो अब तक मुख्यतः आरोपी के अधिकारों, खासतौर पर निष्पक्ष और शीघ्र सुनवाई को ही प्राथमिकता देता रहा था। अदालत ने स्पष्ट किया कि मौजूदा दौर में न्याय का अर्थ केवल आरोपी के अधिकारों की रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें पीड़ितों के अधिकारों को भी उतना ही सम्मान और महत्ता दिया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत की टिप्पणी उस समय आई जब कोर्ट हरियाणा के समालखा के पूर्व कांग्रेस विधायक और रियल एस्टेट कारोबारी धर्म सिंह छौकर, की ज़मानत याचिका पर सुनवाई कर रहा था।

### हाई कोर्ट ने ज़मानत याचिका खारिज कर दी थी

छौकर परिवार, जिसके पास कई रियल एस्टेट कंपनियां हैं, ने 2017 में गुड़गांव के सेक्टर 68 में 10 एकड़ के प्लॉट पर 1,500 फ्लैट बनाने का प्रोजेक्ट शुरू किया था। कंपनी ने लगभग 363 करोड़ जमा कर लोगों को फ्लैट देने का वादा किया गया। लेकिन न तो प्रोजेक्ट पूरे नहीं हुए, और न ही रकम लौटाई। मामला करोड़ों के कथित गबन से जुड़ा है। छौकर 16 महीनों से न्यायिक हिरासत में हैं। हाई कोर्ट ने उनकी ज़मानत याचिका खारिज कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट में उनकी दलील थी कि लंबी हिरासत उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है, उन्हें जमानत मिले। सीजेआई सूर्यकांत व जस्टिस बागची की बेंच ने इस पर सीधा निर्णय देने के बजाय व्यापक सिद्धांत पर टिप्पणी की।



**आखिर ट्रायल में देरी-किसकी जिम्मेदारी**

कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि ट्रायल में देरी का फायदा आरोपी को स्वतः नहीं मिल सकता, खासकर तब जब मामला गंभीर हो। यदि देरी सिस्टम की खामियों के कारण है, तो इसका समाधान आरोपी को ज़मानत देना ही नहीं हो सकता—बल्कि ट्रायल को तेज करना भी एक विकल्प है।

**महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव से जुड़ी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हो रही**

# मंदिर हो या दरगाह, नियम सभी के लिए जरूरी

**सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव से जुड़ी याचिकाओं पर शीर्ष अदालत में सुनवाई का 9वां दिन**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी धार्मिक संस्था के प्रबंधन के अधिकार का मतलब यह नहीं है कि उसके संचालन के लिए कोई ढांचा न हो और प्रबंधन को लेकर अराजकता की स्थिति नहीं हो सकती। कोर्ट ने कहा कि ऐसी संस्थाओं के कामकाज के लिए एक व्यवस्था एवं नियम होने चाहिए। सीजेआई की अध्यक्षता वाली नौ जज की संविधान पीठ ने यह टिप्पणी केरल के सबरीमाला मंदिर सहित धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ भेदभाव और विभिन्न धर्मों में धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान की।

### सबरीमाला केस : वकील ने कोर्ट में कहा-सूफी आस्था प्रणाली में है कई परंपराएं

हजरत ख्वाजा निजामुद्दीन औलिया की दरगाह से जुड़ी चिश्ती निजामी परंपरा के वंशज पीरजादा सैयद अल्तमश निजामी की ओर से पेश वकील निजाम पाशा ने कहा कि दरगाह वह स्थान होता है, जहां किसी संत को दफनाया गया हो। इस्लाम में मृत्यु के बाद संतों की स्थिति को लेकर अलग-अलग मत हैं, लेकिन सूफी आस्था प्रणाली में उस स्थान के प्रति गहरी श्रद्धा होती है, जहां किसी संत को दफनाया जाता है। उन्होंने कहा कि भारत में सूफी आस्था प्रणाली में चिश्तिया, कादरिया, नक्शबंदिया और सुहरावर्दिया सहित कई प्रमुख परंपराएं शामिल हैं। मौजूदा मामला चिश्तिया व्यवस्था से जुड़ा है। मेरा कहना है कि यह व्यवस्था स्पष्ट रूप से एक धार्मिक संप्रदाय है। अगर हजरत निजामुद्दीन औलिया की शिक्षाओं को देखा जाए, तो उनमें रोजा, नमाज, हज, जकात और सबसे बढ़कर आस्था जैसी इस्लामी परंपराओं के पालन पर जोर है। वकील पाशा ने दलील दी कि किसी धार्मिक संस्था में प्रवेश को विनियमित करने का अधिकार प्रबंधन का हिस्सा है।



**कार्यों के संपादन का होगा क्रम**

जस्टिस अमानुल्ला ने कहा कि अराजकता नहीं हो सकती। चाहे दरगाह हो या मंदिर, संस्था से जुड़े तत्व होंगे, धार्मिक क्रियाओं का एक तरीका होगा और कार्यों के संपादन का क्रम होगा। किसी न किसी को इसे विनियमित करना होगा। ऐसा नहीं हो सकता कि हर कोई कहे कि मैं जो चाहूंगा, वह करूंगा या द्वार हर समय बिना किसी नियंत्रण के खुले रहें।

**7 से 22 अप्रैल तक हुई सुनवाई**

सबरीमाला मंदिर मामले में नौ जज की संविधान पीठ 7 अप्रैल से मामले की सुनवाई कर रही है। इस दौरान केंद्र सरकार ने महिलाओं की एंट्री के विरोध में दलीलें रखीं। सरकार ने कहा था कि देश के कई देवी मंदिरों में पुरुषों की एंट्री भी बैन है, इसलिए धार्मिक परंपराओं का सम्मान किया जाना चाहिए।

**1473 प्रत्याशी मैदान में, सुरक्षा कड़ी**

# बंगाल में दूसरे चरण की 142 सीटों पर आज होगा मतदान



- सीआरपीएफ ने ममता की सीट पर किया फ्लैग मार्च
- राज्य में सुरक्षा कड़ी, चप्पे पर केंद्रीय बल तैनात
- कोलकाता में पोलिंग बूथ कर्मचारी गर्मी में बेहोश
- बांग्लादेश से सटे सीमा मार्गों से आवागमन रोका

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में बुधवार को 142 सीटों पर दूसरे चरण के मतदान होगा। इसको लेकर राज्य में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। सीएम ममता बनर्जी की भवानीपुर सीट पर मंगलवार को सीआरपीएफ ने फ्लैग मार्च निकाला।

भाजपा ने इसी सीट पर बंगाल की सीएम के खिलाफ सुवेंदु अधिकारी को मैदान में उतारा है। इधर चुनाव कर्मचारी इवीएम मशीन लेकर पोलिंग बूथ पर पहुंच चुके हैं। कोलकाता में एक महिला कर्मचारी गर्मी के चलते बेहोश हो गई। सेकेंड फेज में कुल 1448 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। 23 अप्रैल को पहले चरण में 92.72% मतदान हुआ था। 4 मई को नतीजे आएंगे। उधर, पश्चिम बंगाल में बुधवार को होने वाले विधानसभा चुनावों के दूसरे और अंतिम चरण से पहले उत्तर 24 परगना जिले में बांग्लादेश सीमा मार्गों पर लोगों और वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह प्रतिबंध 26 अप्रैल को लागू किया गया है और मतदान प्रक्रिया पूरी होने तक जारी रहेगा।



### न्यायाधिकरण से मंजूरी प्राप्त 1,468 मतदाता दूसरे चरण में कर सकेंगे मतदान : अधिकारी

कोलकाता (भाषा)। एसआईआर से जुड़े न्यायाधिकरण के आदेशों के बाद पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची में कुल 1,468 लोगों का नाम जोड़ा गया है, जो 29 अप्रैल को विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। निर्वाचन आयोग के अनुसार, जिन मतदाताओं के नाम पूरक मतदाता सूची में हैं, वे आयोग की वेबसाइट पर मतदाता पहचान पत्र क्रमांक दर्ज करके विवरण की जांच कर सकते हैं। अधिकारी ने बताया, जिन मतदाताओं की अपीलों का निपटारा अपीलीय न्यायाधिकरणों द्वारा 27 अप्रैल तक कर दिया गया था, उन्हें एक पूरक मतदाता सूची में शामिल किया गया है, वे दूसरे चरण में मतदान कर सकेंगे।

### बंगाल में भाजपा की बनेगीः नितिन नवीन



वाराणसी (उप्र) (भाषा)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने मंगलवार को यहां दावा किया कि पश्चिम बंगाल में ममता (बनर्जी) दीदी की सरकार जा रही है और वहां भाजपा सरकार बनने जा रही है। वाराणसी में पत्रकारों से बातचीत में नितिन नवीन ने यह दावा किया। नितिन नवीन ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि बंगाल में प्रथम चरण के मतदान के पश्चात बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद लेने आया हूं।" उन्होंने जोर देकर कहा, "बंगाल में ममता दीदी जा रही है और यहां भाजपा की विजय सुनिश्चित है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि "भाजपा बंगाल में सरकार बनाएगी।"

**सिक्किम के 50वें राज्य स्थापना दिवस समारोह में प्रधानमंत्री ने लिया भाग**

# पीएम ने पूर्वोत्तर को बताया देश की 'अष्टलक्ष्मी' 4,000 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट की सौगात दी

एजेंसी ▸▸ गंगटोक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को सिक्किम के 50वें राज्य स्थापना दिवस समारोह में हिस्सा लिया और करीब 4,000 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर भारत देश की 'अष्टलक्ष्मी' है और सिक्किम उसका अहम हिस्सा है। पीएम मोदी ने एक्स पर 3 पोस्ट साझा किए। पहली पोस्ट में उन्होंने गंगटोक में मिले उत्साह और स्नेह को अभूतपूर्व बताया। उन्होंने सिक्किमवासियों को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय विकास में राज्य के योगदान पर देश को गर्व है। दूसरी पोस्ट में समारोह की तस्वीरें साझा करते




हुए इसे ऐतिहासिक क्षण बताया और सिक्किम की उपलब्धियों की सराहना की। वे पालजोर स्टेडियम में स्वर्ण जयंती समारोह के समापन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, बिजली, शहरी विकास, पर्यावरण, पर्यटन और कृषि जैसे क्षेत्रों में फैली परियोजनाओं का उद्घाटन, शुभारंभ और आधारशिला रखी।



### मोदी ने गंगटोक में 'दोस्तों' संग खेला फुटबॉल

मोदी अपने दो दिवसीय सिक्किम दौरे पर हैं। इस क्रम में उन्होंने गंगटोक में मंगलवार सुबह-सुबह बच्चों के एक ग्रुप के साथ फुटबॉल खेला। इसकी खूबसूरत तस्वीरें पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स से भी शेयर की।

## मोदी पहुंचे काशी

### महिलाओं को आरक्षण का हक जरूर मिलेगा, आज देंगे सौगातें



वाराणसी। प्रधानमंत्री मोदी के 2 दिनी दौरे पर वाराणसी पहुंचे। बरेका में जनसभा स्थल में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत लगभग 50 हजार महिलाओं को संबोधित किया और कहा कि आपको आरक्षण का हक जरूर मिलेगा। मोदी ने 6,350 करोड़ रुपए की 163 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इनमें सिग्नेचर ब्रिज और कबीरचौरा मंडलीय अस्पताल में सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल शामिल हैं। मोदी बुधवार को काशी से हरदोई जाएंगे। वहां गंगा एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन करेंगे। 594 किलोमीटर का यह एक्सप्रेस-वे मेरठ को प्रयागराज से जोड़ेगा।

## पटियाला में रेलवे पटरी पर विस्फोट खालिस्तान समर्थक आतंकी मॉड्यूल से जुड़े चार संदिग्ध गिरफ्तार

चंडीगढ़ (भाषा)। पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई समर्थित खालिस्तान समर्थक आतंकी मॉड्यूल ने सोमवार देर रात पटियाला के शंभू इलाके के पास एक मालगाड़ी कॉरिडोर की पटरी पर विस्फोट किया, जिसमें एक संदिग्ध की मौत भी हो गई। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि समूह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि यह विस्फोट सोमवार रात शंभू-अंबाला रेलवे पटरी के पास हुआ। उन्होंने बताया कि शुरू में इसे कम तीव्रता का विस्फोट माना गया था लेकिन बाद में जांच से पता चला कि यह पटरी को विस्फोट से उड़ाने की साजिश थी। पिछले तीन महीनों में मालगाड़ी कॉरिडोर को निशाना बनाकर किया गया यह दूसरा हमला था। इससे पहले जनवरी में, फतेहगढ़ साहिब जिले के सरहिंद में एक 'डेडिकेटिड फ्रेट कॉरिडोर' की पटरी पर हुए विस्फोट में एक ट्रेन का इंजन क्षतिग्रस्त हो गया था और एक लोको पायलट घायल हो गया था। पुलिस ने मृतक संदिग्ध की पहचान तरन तारन जिले के पंजवार गांव के निवासी जगरूप सिंह के रूप में की है।

- इस घटना में मॉड्यूल का एक सदस्य मारा गया

## अब सिसोदिया ने भी न्यायाधीश के समक्ष पेश होने से इनकार किया

नई दिल्ली (भाषा)। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया ने दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायाधीश स्वर्ण कांता शर्मा को मंगलवार को पत्र लिखकर कहा कि वह आबकारी मामले में उनकी अदालत में पेश नहीं होंगे। इससे एक दिन पहले, पार्टी प्रमुख एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरी ने न्यायमूर्ति शर्मा को पत्र लिखकर कहा था कि आबकारी मामले में वह न तो व्यक्तिगत रूप से और न ही वकील के माध्यम से उनके समक्ष पेश होंगे। न्यायमूर्ति शर्मा को लिखे एक पत्र में सिसोदिया ने कहा, ः मेरी ओर से कोई वकील भी पेश नहीं होगा। आपके बच्चों का भविष्य तुषार मेहता के हाथों में है। उन्होंने कहा कि मुझे न्याय की उम्मीद नहीं है, सत्याग्रह के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। केजरीवाल द्वारा इसी चिंता को लेकर लिखे गए पत्र का जिक्र करते हुए सिसोदिया ने कहा कि ः गंभीर चिंताओंः को उठाया गया है। मैं उनके द्वारा अपनाए गए रुख से सम्मानपूर्वक सहमत हूं, जो गांधी की सत्याग्रह संबंधी शिक्षाओं पर आधारित है। केजरी ने न्यायमूर्ति शर्मा से मामले की सुनवाई से खुद को अलग करने की अपील की ।

- दिल्ली हाईकोर्ट की न्यायाधीश स्वर्ण कांता को लिखा पत्र

## शिलॉन्ग कोर्ट से सोनम रघुवंशी को जमानत



इंदौर। चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में एक अहम मोड़ सामने आया है। मामले की मुख्य आरोपी और मृतक की पत्नी सोनम रघुवंशी को कोर्ट से जमानत मिल गई है। यह फैसला मेघालय के शिलॉन्ग स्थित अदालत ने सुनाया है जहां इस केस की सुनवाई चल रही है। जानकारी के मुताबिक कोर्ट में हुई चौथी सुनवाई के दौरान सोनम को यह राहत दी गई।सोनम रघुवंशी फिलहाल शिलॉन्ग की जेल में बंद थी। जमानत मिलने की जानकारी राजा रघुवंशी के भाई विपिन रघुवंशी ने दी है। इस संबंध में उनकी बातचीत शिलॉन्ग में केस देख रहे वकील से हुई है।

- हनीमून पर करवाई थी पति की हत्या

**शिक्षा मंत्री प्रधान ने की समीक्षा**

# एनसीईआरटी किताबों का उत्पादन बढ़ाएं और गांवों तक जल्द पहुंचाएं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को चालू शैक्षणिक सत्र के लिए एनसीईआरटी की किताबों की उपलब्धता, छपाई और वितरण की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे किताबों के वितरण की आखिरी स्तर तक निगरानी करें, खासकर गांवों में।

मंत्रालय और एनसीईआरटी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार भी बैठक में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि किसी भी छात्र को किताबें देर से मिलने की वजह से परेशानी नहीं होनी चाहिए।



### डिजिटल पढ़ाई पर जोर

मंत्रालय ने बताया कि प्रधान ने एनसीईआरटी की नई किताबों की तैयारी देखी और राज्यों में किताबों का कितना स्टॉक है, इसकी जानकारी ली। उन्होंने यह भी देखा कि राज्यों और वितरण एजेंसियों के बीच सही तरीके से तालमेल हो रहा है या नहीं, ताकि खासकर गांवों में समय पर किताबें पहुंच सकें।



## चिंतन

# धार्मिक कट्टरता समाज के लिए गंभीर चुनौती

देश के सामने आतंक और कट्टरता का चेहरा तेजी से बदल रहा है। जो खतरा कभी सीमित इलाकों, खासकर जम्मू-कश्मीर तक माना जाता था, वह अब महानगरों तक फैलता नजर आ रहा है। मुंबई की हालिया घटना ने साफ कर दिया है कि 'लोन वुल्फ' हमले, डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पनपती कट्टर सोच और धर्म के नाम पर हिंसा अब हर शहर के लिए चुनौती बन चुके हैं। संगठित नेटवर्क से हटकर जब व्यक्ति खुद ही विचारधारा को हथियार बना ले, तो यह साइलेंट आतंक और भी खतरनाक हो जाता है। मुंबई के मीरा रोड इलाके में दो सिक्योरिटी गाड्र्स पर धर्म पूछकर किया गया हमला इसी बदलते खतरे का उदाहरण है। बताया जा रहा है कि हमलावर 31 साल का जैब जुबेर अंसारी अंडर कंस्ट्रक्शन बिल्डिंग के पास दो सिक्योरिटी गार्ड, राजकुमार मिश्रा और सुब्रतो रमेश सेन के पास पहुंचा और मस्जिद का रास्ता पूछा। कुछ समय बाद वह दोबारा लौटा। इसके बाद एक गार्ड से धर्म पूछने के बाद अचानक चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद वह कैबिन में घुसा और दूसरे गार्ड से कलमा पढ़ने को कहा। जब गार्ड ऐसा नहीं कर पाया, तो उस पर भी हमला कर दिया। पिछले साल जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में भी आतंकियों ने पर्यटकों से धर्म पूछकर हमला किया था। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे। वहीं, धर्मांतरण के मामले महाराष्ट्र के अमरावती और नासिक में भी सामने आए हैं। नासिक के टीसीएस उत्पीड़न मामले में मुख्य आरोपी निदा खान ने महिला कर्मचारी पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया था। पीड़ित के मोबाइल में ऐसे ऐप्स भी इंस्टॉल कराए गए, जिससे उसे धर्म परिवर्तन के लिए उकसाया जा सके। अमरावती में भी करीब 180 लड़कियों के वीडियो बनाकर धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर करने का मामला सामने आया है। ये घटनाएं केवल एक आपराधिक वारदात नहीं, बल्कि उस मानसिकता की झलक हैं, जिसमें धर्म को पहचान और हिंसा का औजार बना दिया जाता है। पहलगाम जैसे हमले इस बात का संकेत रहे हैं कि कट्टरता जब चरम पर पहुंचती है तो वह इंसानियत की हर सीमा पार कर जाती है। हालांकि, इस मुद्दे पर एक जरूरी सावधानी भी उतनी ही अहम है। अलग-अलग घटनाओं को जोड़कर पूरे समाज या किसी एक समुदाय के खिलाफ निष्कर्ष निकालना न केवल गलत है, बल्कि खतरनाक भी हो सकता है। कानून का सिद्धांत स्पष्ट है। अपराधी व्यक्ति होता है, समुदाय नहीं। यदि हम इस रेखा को पार करते हैं, तो हम अनजाने में उसी विभाजनकारी सोच को बढ़ावा देते हैं, जिसके खिलाफ हमें खड़ा होना चाहिए। कट्टरता का असली चेहरा धर्म नहीं, बल्कि विकृत सोच है। यह सोच इंटरनेट, सोशल मीडिया और बंद मानसिकता के जरिए फैलती है। यही कारण है कि "लोन वुल्फ" हमले आज सुरक्षा एजेंसियों के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं। क्योंकि इनका कोई स्पष्ट नेटवर्क नहीं होता, न ही कोई पूर्व चेतावनी। अब सवाल यह है कि इससे निपटा कैसे जाए? जवाब केवल सख्ती में नहीं, बल्कि संतुलित रणनीति में है। सुरक्षा एजेंसियों को डिजिटल निगरानी, खुफिया तंत्र और त्वरित कार्रवाई को मजबूत करना होगा, वहीं समाज को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। परिवार, शिक्षा व्यवस्था और सामाजिक संस्थाओं को युवाओं को सही दिशा देने, संवाद बढ़ाने और कट्टर विचारधाराओं से बचाने की जिम्मेदारी उठानी होगी। सख्त कानून, सतर्क समाज और संतुलित सोच इन्हीं तीन स्तंभों पर इस चुनौती का समाधान टिका है। तभी हम एक सुरक्षित, समावेशी और मजबूत समाज की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।



पर्यावरण
निरंजन देव भारद्वाज

# देश में जलवायु आपातकाल की दस्तक

देश के विशाल भूभाग पर सूरज का कहर इस कदर टूट रहा है कि दुनिया के 100 सबसे गर्म शहरों की सूची में से 95 अकेले भारत के हैं। दिल्ली की तपती सड़कों से लेकर ओडिशा के तटीय उमस तक, पारा 45-47 डिग्री सेल्सियस के स्तर को चुनौती दे रहा है। यह अब केवल 'लू' या मौसम का सामान्य बदलाव नहीं है; यह उस पारिस्थितिक असंतुलन का चरम विस्फोट है, जिसे हमने दशकों तक प्रगति के शोर में अनदेखा किया। आज भारत की झुलसाती हवाएं चीख-चीख कर कह रही हैं कि हम जलवायु परिवर्तन के किसी भविष्य की आशंका में नहीं, बल्कि उसके एक अत्यंत क्रूर और जानलेवा वर्तमान के बीच खड़े हैं। हकीकत यह है कि यह तापीय संकट अब सीधे जीवन-हानि में बदल चुका है।

अप्रैल का यह महीना भारत के लिए केवल एक कैलेंडर का पन्ना नहीं, बल्कि एक अस्तित्वगत संकट की गूंज बन गया है। देश के विशाल भूभाग पर सूरज का कहर इस कदर टूट रहा है कि दुनिया के 100 सबसे गर्म शहरों की सूची में से 95 अकेले भारत के हैं। दिल्ली की तपती सड़कों से लेकर ओडिशा के तटीय उमस तक, पारा 45-47 डिग्री सेल्सियस के स्तर को चुनौती दे रहा है। यह अब केवल 'लू' या मौसम का सामान्य बदलाव नहीं है; यह उस पारिस्थितिक असंतुलन का चरम विस्फोट है, जिसे हमने दशकों तक प्रगति के शोर में अनदेखा किया। आज भारत की झुलसाती हवाएं चीख-चीख कर कह रही हैं कि हम जलवायु परिवर्तन के किसी भविष्य की आशंका में नहीं, बल्कि उसके एक अत्यंत क्रूर और जानलेवा वर्तमान के बीच खड़े हैं। इसी "वर्तमान" की सबसे कठोर हकीकत यह है कि यह तापीय संकट अब सीधे जीवन-हानि में बदल चुका है। हीटवेव आज भारत की सबसे घातक प्राकृतिक आपदाओं में शामिल हो चुकी है, जिसके चलते 2010 के बाद से अब तक 46,000 से अधिक संदिग्ध मौतें दर्ज की गई हैं।

इस भीषण गर्मी का सबसे अधिक प्रभाव उन श्रमिकों पर पड़ता है जो खुले वातावरण में निर्माण स्थलों, सड़कों और खेतों में काम करने को मजबूर हैं, जिससे उनकी आजीविका और स्वास्थ्य गंभीर रूप से प्रभावित होते हैं। यह संकट हमारी आधुनिक जीवनशैली और प्रशासनिक प्राथमिकताओं पर एक कड़ा प्रहार है। जहां एक ओर सरकारी फाइलों में बढ़ते 'ग्रीन कवर' के आंकड़े हमें सुकून देने की कोशिश करते हैं, वहीं जमीन पर फैलते कंक्रीट के जंगलों ने हमारे शहरों को 'धधकते तंदूर' में तब्दील कर दिया है। यह आपदा समाज की गहरी आर्थिक खाई को भी उजागर करती है, जहां 'ठंडी हवा' अब एक बुनियादी अधिकार नहीं बल्कि अमीरों की विलासिता बन गई है। बहुसंख्यक आबादी इस तापीय अन्याय का शिकार होकर अपनी जान दांव पर लगा रही है। इस असामान्य गर्मी का सबसे गहरा असर केवल मौसम के आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सीधे आम जनजीवन, कृषि व्यवस्था और शहरी बुनियादी ढांचे पर दिखाई देने लगा है। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा, श्रमिकों की घटती कार्यक्षमता, पानी की बढ़ती मांग और बिजली की रिकॉर्ड खपत-ये सभी संकेत बताते हैं कि शहर और गांव दोनों ही इस तापीय दबाव के सामने असहज स्थिति में पहुंच चुके हैं। इस पृष्ठभूमि में वैश्विक तापवृद्धि और जलवायु परिवर्तन की भूमिका और भी स्पष्ट होकर सामने आती है। बढ़ते ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन, अनियंत्रित शहरीकरण और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन ने वायुमंडलीय संतुलन को गहराई से प्रभावित किया है, जिसका सीधा परिणाम इस तरह की चरम मौसमीय घटनाओं के रूप में दिख रहा है। खेतों में खड़ी फसलें भी तेज़ गर्म हवाओं और नमी की कमी के कारण तनाव में हैं, जिससे आने वाले समय में खाद्य सुरक्षा पर भी प्रश्नचिह्न गहराता दिखाई देता है। यह स्थिति स्पष्ट करती है कि हीट वेव अब केवल "मौसम की घटना" नहीं, बल्कि एक गहरे होते जलवायु संकट का परिणाम है और इसके पीछे हमारी नीतिगत, व्यवहारिक और विकास संबंधी विफलताओं की भूमिका को समझना अब और भी आवश्यक हो गया है। भारतीय



शहरों में गर्मी का बढ़ता प्रकोप केवल बढ़ते तापमान का नतीजा नहीं है, बल्कि 'अर्बन हीट आइलैंड' (शहरी ऊष्मा द्वीप प्रभाव) के उस प्रभाव का परिणाम है जिसने महानगरों को जीते-जागते तंदूर में बदल दिया है। जब हम शहरों को कंक्रीट, डामर और कांच की ऊंची इमारतों से पाट देते हैं, तो ये सतहें दिन भर सूरज की गर्मी को सोखती हैं। जहां ग्रामीण इलाकों में पेड़ और मिट्टी वाष्पीकरण के जरिए खुद को ठंडा रखते हैं, वहीं हमारे शहर इस गर्मी को कैद कर लेते हैं। इसका सबसे भयावह असर रात के समय दिखता है, जब सूरज ढलने के बाद भी कंक्रीट की ये दीवारें और सड़कें उस कैद की गई गर्मी को धीरे-धीरे बाहर छोड़ती हैं, जिससे रात का तापमान भी सामान्य से ज्यादा बना रहता है। यह 'थर्मल ट्रैप' शहरवासियों को चौबीसों घंटे एक असहज अंगीठी में झोंक देता है। विडंबना यह है कि इस तपिश को कम करने का प्राकृतिक समाधान यानी हमारे 'पेड़', विकास की अंधी दौड़ में सबसे पहले काटे जा रहे हैं। फ्लाईओवर्स, मेट्रो लाइन्स और चौड़ी सड़कों के नाम पर शहरों के उन पुराने और घने पेड़ों की बलि दी जा रही है जो दशकों से हमारे 'नेचुरल एयर कंडीशनर' का काम कर रहे थे। इसका सबसे ज्वलंत और दुखद उदाहरण नासिक में देखने को मिलता है, 250 साल पुराने बरगद और पीपल के पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला दी गई। ये केवल पेड़ नहीं थे, बल्कि उस क्षेत्र की जैव-विविधता और शीतलता के संरक्षक थे। एक परिपक्व पेड़ अपने आसपास के वातावरण को 2 से 4 डिग्री तक ठंडा रख सकता है, लेकिन 'विकास' की कागजी योजनाएं अक्सर एक पुराने घने पेड़ के बदले दस नए छोटे पौधे लगाने का झांसा देती हैं। हकीकत यह है कि एक पुराना बरगद या पीपल का पेड़ जितना कार्बन सोखता है और ठंडक देता है, उसकी जगह ये नए छोटे पौधे अगले बीस साल तक नहीं ले सकते। जहां पहले घनी हरियाली लू के थपेड़ों को फिल्टर करती थी, अब वहां केवल कंक्रीट की सतहें हैं जो गर्मी को कई गुना बढ़ा देती हैं। यह केवल हरियाली का नुकसान नहीं है, बल्कि एक सुविचारित पर्यावरणीय आत्महत्या है। भारत की इस जलती हुई हकीकत को बदलने के लिए हमें अपनी रणनीतियों को कागजों से बाहर निकालना होगा। सबसे पहले, हमें 'हीट एक्शन प्लान' की बुनियादी खामियों को सुधारना होगा। वर्तमान में भारत के अधिकांश 'हीट एक्शन प्लान' केवल 'रिएक्टिव' हैं यानी वे केवल तापमान बढ़ने पर अलर्ट जारी करते हैं या पानी के स्टॉल लगवाते हैं। असल में, हमें 'प्रोएक्टिव' 'हीट एक्शन प्लान' की जरूरत है, जो सर्दी के मौसम से ही काम शुरू कर दे, जैसे कि सड़कों को सफेद रिफ्लेक्टिव पेंट से रंगना और शहरों में जल निकायों को पुनर्जीवित करना। 2026 की यह गर्मी हमें यह समझने पर मजबूर करती है कि केवल वाटर कूलर लगाने या रेड अलर्ट जारी करने से हम सुरक्षित नहीं होंगे। हमें भारत में भी 'हीटवेव' को 'अधिसूचित आपदा' घोषित करना होगा ताकि इसके समाधान के लिए कानूनी जवाबदेही तय हो सके। हमें नासिक और अरावली जैसी गलतियों से सीखना होगा कि पुराने पेड़ों को काटना भविष्य की पीढ़ियों की 'सांसों और शीतलता' की चोरी करने जैसा है। अंततः, जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं है। एक नागरिक के रूप में हमें अपनी जीवनशैली और मतदान के मुद्दों में 'पर्यावरण' को प्राथमिकता देनी होगी। जब तक हम अपने घरों के सामने टाइल्स लगाने के बजाय मिट्टी और पेड़ को जगह नहीं देंगे, और जब तक हमारी नीतियां 'विकास' को 'विनाश' से अलग नहीं करेंगी, तब तक हम इसी तरह हर साल और भी भीषण अंगीठियों में झुलसते रहेंगे। समय रेत की तरह फिसल रहा है; या तो हम आज 'ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर' में निवेश करें, या फिर कल एक जलते हुए भारत के लिए तैयार रहें।

( लेखक सलाहकार राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

नृत्य दिवस विशेष
श्वेता गोयल



# शब्दहीन भावों से विश्व को जोड़ने वाली शक्ति है नृत्य

मानव सभ्यता की सबसे पुरानी अभिव्यक्तियों में से एक है 'नृत्य'। जब शब्द अस्तित्व में नहीं थे, तब शरीर की गति ही संवाद का माध्यम थी। समय के साथ नृत्य ने भिन्न-भिन्न संस्कृतियों में अनेक रूप धारण किए और आज यह विश्वभर में एक जीवित कला के रूप में स्थापित है। नृत्य अब वैश्विक संदर्भ में केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं रहा, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक कूटनीति का प्रभावी साधन बन चुका है। नवीनतम 'विश्व नृत्य रिपोर्ट' के अनुसार, वैश्विक स्तर पर नृत्य उद्योग का आकार 45 अरब डॉलर से अधिक पहुंच गया है। वर्चुअल नृत्य कार्यक्रमों में वर्ष 2020 के मुकाबले 2025 तक 60 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई है। नृत्य चिकित्सा को अब मानसिक स्वास्थ्य उपचारों में सम्मिलित किया जा रहा है। अनेक देशों में चिकित्सक अवसाद, चिंता और सामाजिक अलगाव जैसी समस्याओं के उपचार में नृत्य आधारित विधियों का उपयोग किया जा रहा है। विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं ने भी नृत्य को शिक्षा के एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में स्वीकार किया है, जिससे बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और सृजनात्मकता का विकास होता है। नृत्य की विविधता, उसकी समावेशिता और उसके सामाजिक महत्व का उत्सव मनाने के लिए प्रत्येक वर्ष 29 अप्रैल को 'अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस नृत्य को एक साझा मानव धरोहर के रूप में प्रस्तुत करता है, जिसमें भौगोलिक सीमाओं, जाति, धर्म, भाषा या राजनीतिक विचारधाराओं की कोई बाधा नहीं होती। इस अवसर पर करीब 170 देशों में एक साथ नृत्य महोत्सवों, कार्यशालाओं और सार्वजनिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाता है। अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस मनाने की शुरुआत एक गैर सरकारी संगठन 'अंतरराष्ट्रीय रंगमंच संस्थान' (आईटीआई) की 'अंतरराष्ट्रीय नृत्य समिति' द्वारा 1982 में की गई थी, जो 'यूनेस्को' का हिस्सा है। यह दिवस नृत्य के जादूगर माने जाने वाले जीन जॉर्जेस नोवेरे को समर्पित है। 'फादर ऑफ बैले' के नाम से विख्यात जीन जॉर्जेस नोवेरे एक सुप्रसिद्ध बैले मास्टर थे, जिनका जन्म 29 अप्रैल 1727 को हुआ था। पहली बार 1982 में आईटीआई की नृत्य समिति ने उनके जन्मदिन 29 अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस मनाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की थी, जिसके बाद से यह दिवस हर साल 29 अप्रैल को मनाया जाने लगा। जॉर्जेस नोवेरे ने नृत्य पर 'लेटर्स ऑन द डांस' नामक एक पुस्तक भी लिखी थी, जिसमें नृत्य से जुड़ी एक-एक चीज मौजूद हैं। इस पुस्तक के बारे में कहा जाता है कि इसे पढ़कर कोई भी नृत्य करना सीख सकता है। नृत्य परंपरा की दृष्टि से भारत विश्व के सबसे समृद्ध देशों में से एक है। भारतीय नृत्य हजारों वर्षों से चली आ रही एक जीवंत और विकसित परंपरा है, जिसकी जड़ें वेदों, पुराणों, महाकाव्यों और शास्त्रों में गहराई से समाहित हैं। भारतीय नृत्य की विशिष्टता उसकी आध्यात्मिक गहराई, दार्शनिकता और सामाजिक प्रतिबद्धता में निहित है। भारतीय नृत्य केवल सौंदर्य प्रदर्शन नहीं बल्कि आध्यात्मिक साधना का माध्यम है। नाट्यशास्त्र भारतीय नृत्य की बुनियादी संरचना और सिद्धांतों का आधार है। इस ग्रंथ में नृत्य, नाट्य और संगीत के तत्वों का अत्यंत वैज्ञानिक और विशद विवरण दिया गया है। भारत में नृत्य की विविधता उसकी सांस्कृतिक विविधता की तरह अद्भुत है। प्रत्येक क्षेत्र, प्रत्येक राज्य, यहां तक कि कई गांवों की भी अपनी विशिष्ट नृत्य परंपराएं हैं। भारत के शास्त्रीय नृत्य रूप जैसे भरतनाट्यम, कथक, ओडिसी, कुचिपुड़ी, मोहिनीअट्टम, कथकली, मणिपुरी न केवल देश में बल्कि विदेशों में भी अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके हैं। इन सभी शास्त्रीय नृत्य शैलियों में अंग संचालन, हस्तमुद्राएं, नेत्र भाव, पद संचालन और ताल की अत्यंत जटिल विधियां हैं, जिन्हें साधना द्वारा वर्षों में सिद्ध किया जाता है। भारतीय शास्त्रीय नृत्य का एक प्रमुख उद्देश्य जीवन के रहस्यों को भावों के माध्यम से व्यक्त करना है। आज जब दुनिया विभाजन, संघर्ष और असहिष्णुता के संकट से गुजर रही है, तब नृत्य एक ऐसा माध्यम बन सकता है, जो दिलों को जोड़ने, घावों को भरने और मानवता को एक सूत्र में पिरोने की क्षमता रखता है। भारतीय नृत्य, जिसमें प्रकृति, भक्ति, प्रेम, वीरता और करुणा के विविध आयाम समाहित हैं, वैश्विक मंच पर इस उम्मीद का प्रतीक बनकर उभर रहा है कि कला के माध्यम से हम एक बेहतर, अधिक सहिष्णु और सुंदर विश्व का निर्माण कर सकते हैं। नृत्य आत्मा से आत्मा तक एक अनुभव है, एक संवाद है, एक यात्रा है। भारत की नृत्य परंपरा इस यात्रा की एक अनंत धारा है, जो सदियों से बह रही है और भविष्य में भी मानवता को दिशा देती रहेगी।

( लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## कृष्ण योग के सूत्र



संकलित
दर्शन

भगवान श्रीकृष्ण के अनुसार सिर्फ शरीर का नियमन ही योग नहीं है, बल्कि आत्मा के साक्षात्कार के लिए किया गया हरेक प्रयास योग की श्रेणी में आता है। इसी कारण श्रीकृष्ण को योगेश्वर कहा जाता है । वे जनक हैं योग के, धाराएं बहती हैं उनसे योग की, बस जिसको जो आयाम स्पर्श करता है, वह उस आयाम पर अग्रसर हो जाता है। आप जिस योग को योग मानते है, वह पतंजलि योग है। पतंजलि सबसे बड़े वैज्ञानिक है अंतर्जगत के। उनकी पहुंच एक वैज्ञानिक मन की है। उनके पास वैज्ञानिक मसतिष्क है, लेकिन उनकी यात्रा भीतरी है। किंतु हमारे कृष्ण योगेश्वर हैं । वे दृष्टि देते हैं, स्वतंत्रता देते है, प्रेम और करुणा से आपको भरते है। वे जिससे आपको भरते हैं, वे वह स्वयं ही हैं, इसीलिए कृष्ण का योग धारा बन जाता है, आपसे आपको मिलता है और एक दिन केवल वही ही बचते हैं, आप उनमें मिल जाते हैं। कुछ कृष्ण के योग के पहलू जो केवल हम श्रवण करते हैं, पढ़ते हैं, पर वे सूत्र हैं कृष्ण-योग के 'तस्माद्योगाय युज्यस्व योगः कर्मसु कौशलम' अर्थात इससे समत्वबुद्धि योग के लिए ही चेष्टा करो, यह समत्वबुद्धि-रूप योग ही कर्मों में चतुरता है। अर्थात कर्मों में कुशलता को ही योग कहते है। कृष्ण तीन शब्दों का प्रयोग करते हैं-अकर्म, कर्म और विकर्म।

## तुलसीदास ने स्त्री को पुरुष में बदला



संकलित
प्रेरणा

चरवारी के ठाकुर की लड़की जो कि बहुत ही सुन्दर थी। इसके माता पिता को बहुत प्रयास करने पर पुत्र प्राप्त नहीं हुआ, पुत्री हो गयी। उन्होंने सबसे यह बात छुपाकर रखी कि हमें पुत्री हुई है। उन्होंने बचपन से ही उस पुत्री को पुरुष जैसे कपड़े पहनाएं, बोलचाल भी लड़के जैसे सीखा रखी थी। जब विवाह का समय आया तो माँ बाप ने सत्य बात किसी से कही नहीं, क्योंकि उनकी इज्जत पानी में मिल जाती। अब उनकी पुत्री जीसे उन्होंने पुरुष की तरह बनवा रखा था, उसका विवाह एक स्त्री के साथ हो गया। विवाह के बाद सच सामने आ गया कि यह तो स्त्री है, ना कि कोई पुरुष। परंतु विवाह हो चुका था, लोग करते भी क्या? स्त्री का विवाह स्त्री से हो गया। एक दिन जब गोस्वामी जी उधर से निकले, तब लोगों ने उन्हें घेर लिया और प्रार्थना की कि इस कन्या की रक्षा कीजिये। गोस्वामी जी ने श्री रामचरितमानस का नवाह पाठ किया और वह स्त्री सें पुरुष बन गयी। यह देखकर गोस्वामी जी का शरीर पुलकित हो गया और उनके मुंह से अतर्कित ही जय जय सीताराम निकल गया । परिवार को साथ लोग भी खुश हो गए। परिवार ने गोस्वामी जी का बहुत उपकार माना, जिन्होंने उनकी पुत्री को लड़का बना दिया । परिवार की भी बात रह गई।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मां के दूध में भी मिलावट

मां का दूध शिशु के लिए प्रकृति का सबसे सुरक्षित और संपूर्ण आहार माना जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी जीवन के शुरुआती छह महीनों तक केवल स्तनपान की सिफारिश करता है, क्योंकि यह न सिर्फ पोषण देता है बल्कि रोगों से सुरक्षा भी प्रदान करता है। लेकिन हाल के वर्षों में वैज्ञानिक शोधों ने एक नई चिंता को जन्म दिया है– मां के दूध में माइक्रोप्लास्टिक, कीटनाशकों, भारी धातुओं और यहां तक कि यूरेनियम जैसे रेडियोधर्मी तत्वों की मौजूदगी। यह स्थिति केवल भारत तक सीमित नहीं है। 2022 में इटली और नीदरलैंड में किए गए अध्ययनों में पहली बार मानव ब्रेस्टमिल्क में माइक्रोप्लास्टिक कणों का पता चला। ये सूक्ष्म प्लास्टिक कण हमारे खाने, पानी और हवा के माध्यम से शरीर में प्रवेश करते हैं।

*– कविता, हिसार*

## ट्रेंड

### 'ऑपरेशन सिंदूर'



'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान हमने यह स्पष्ट कर दिया कि आतंकवाद के केंद्र अब किसी भी तरह से सजा से बच नहीं सकते। यह अभियान आतंकवाद और उसके समर्थकों के प्रति हमारे 'शून्य सहिष्णुता' के दृष्टिकोण का प्रमाण है।

**-राजनाथ सिंह,** रक्षामंत्री

### मुक्त व्यापार समझौता



भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता हमारे किसानों, युवाओं, लघु एवं मध्यम उद्यमों और नवप्रवर्तकों के लिए नए अवसर खोलेगा, साथ ही भारत को 'विकसित भारत' की ओर अग्रसर होने में गति प्रदान करेगा। **-योगी आदित्यनाथ,** सीएम, उप्र

### ममता का बयान



ममता दीदी ने कहा है कि बंगाल के हिंदू एक विशेष समुदाय से संबंधित मामलों में उनकी वजह से अधिक सुरक्षित हैं। दीदी का यह बयान न केवल चिंताजनक है, बल्कि बंगाल के भविष्य के लिए खतरनाक, समाज में फूट डालने वाला और सांप्रदायिक भी है।

**- हिमंता बिस्वा सरमा,** सीएम, असम

### बिहारी होने का 'अपराध'



भाजपा सरकार में "बिहारी होना" सबसे बड़ा अपराध और राजद्रोह बन गया है। नई दिल्ली में खगड़िया के युवक पांडव कुमार की मात्र इसलिए गोली मारकर हत्या कर दी गई क्योंकि वह 'बिहारी' था। बिहारी होने के 'अपराध' के लिए उसका दोस्त कृष्णा जीवन और मृत्यु के बीच जूझ रहा है।

**- तेजस्वी यादव,** पूर्व डिप्टी सीएम, बिहार

## करंट अफेयर

# पहले चिल्ड्रन बुकर पुरस्कार चयन मंडल में भारतवंशी



पहले चिल्ड्रन बुकर पुरस्कार 2027 के चयन मंडल की मंगलवार को घोषणा की गई, जिसमें उत्तरी लंदन में बच्चों की किताब दुकान संचालित करने वाली एक भारतवंशी विक्रेता को भी शामिल किया गया है। मसवेल हिल स्थित पुरस्कृत 'बच्चों की किताब दुकान' की मालिक संचिता बसु डे सरकार, लेखक फ्रैंक कॉटरेल–बॉयस और अभिनेत्री लॉली एडेफोपे के साथ मिलकर आठ से बारह वर्ष की आयु के बच्चों के लिए समकालीन सर्वश्रेष्ठ कथा साहित्य का चयन करेंगी। वार्षिक बुकर पुरस्कार की तरह ही, बच्चों के लिए इस साहित्यिक पुरस्कार के विजेता को 50,000 पाउंड की राशि दी जाएगी और अंतिम सूची में चयनित लेखकों को 2,500 पाउंड मिलेंगे। पहला चिल्ड्रन बुकर पुरस्कार दो फरवरी 2027 को उस कृति को दिया जाएगा, जो अंग्रेजी में लिखी गई हो या अंग्रेजी में अनूदित हो और जिसका प्रकाशन ब्रिटेन और/या आयरलैंड में हुआ हो। 'साउथ एशियन इलस्ट्रेशन एंड लिटरेचर फेस्टिवल' की सह–संस्थापक संचिता बसु डे सरकार ने कहा, ' 'यह मेरे लिए उन सभी चीजों को एक साथ लेकर आता है जिन्हें मैं पसंद करती हूं– ढेर सारी बच्चों की किताबें पढ़ना, उनके बारे में कुछ बेहद प्रतिभाशाली लोगों के साथ चर्चा करना, और इन किताबों को देशभर के बच्चों तक पहुंचाना ताकि हम इस बातचीत को आगे बढ़ा सकें।

## ऑफ बीट

# पानी गीला क्यों होता है?

बारिश के मौसम में जब आप बिना छतरी के भीग जाते हैं, तो गीलापन महसूस होता है। लेकिन सवाल यह है कि पानी आखिर गीला क्यों होता है? वायुमंडलीय वैज्ञानिकों के अनुसार, हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के अणुओं से बने पानी की यह विशेषता वास्तव में उसके अणुओं के आपसी व्यवहार और आसपास की चीजों के साथ उनकी प्रतिक्रिया पर निर्भर करती है। वैज्ञानिक बताते हैं कि पानी के अणु एक–दूसरे और अन्य पदार्थों से बहुत तेजी से आकर्षित होते हैं। इस गुण को आसंजन (एडहेज़न) कहा जाता है। पानी के अणु ध्रुवीय होते हैं, यानी उनके एक छोर पर हल्का धनात्मक और दूसरे छोर पर हल्का ऋणात्मक आवेश होता है। यही कारण है कि वे त्वचा, कपड़े और कांच जैसी सतहों से आसानी से चिपक जाते हैं। जब पानी किसी सतह के संपर्क में आता है, तो वह उस पर फैल जाता है और मजबूती से चिपक जाता है। इसी वजह से हमें लगता है कि कोई वस्तु गीली है। वैज्ञानिकों के अनुसार, गीलापन इस बात पर निर्भर करता है कि कोई द्रव किसी सतह के साथ कितनी अच्छी तरह संपर्क बनाए रखता है। इसके विपरीत, पारा यानी मरकरी जैसे धातु में सतहों से चिपकने की क्षमता बहुत कम होती है क्योंकि उसके अणु आपस में अधिक मजबूती से जुड़े रहते हैं। इसे संसंजन/ (कोहेज़न) कहा जाता है। गीलेपन का एक और महत्वपूर्ण पहलू ठंडक का एहसास है। जब पानी या कोई द्रव वाष्पित होता है, तो उसे ऊर्जा की आवश्यकता होती है, जिसे वह अपने आसपास की गर्मी से लेता है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 8 | 6 | 1 | 13 |
| बेंगलुरु | 8 | 6 | 2 | 12 |
| राजस्थान | 9 | 6 | 3 | 12 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 8 |
| चेन्नई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 |
| कोलकाता | 8 | 2 | 5 | 5 |
| मुंबई | 7 | 2 | 5 | 4 |
| लखनऊ | 8 | 2 | 6 | 4 |

ऑरेंज कैप



अभिषेक शर्मा
380 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप



भुवनेश्वर कुमार
14 विकेट
बेंगलुरु

# ट्रॉफी कहे जाने पर भड़की प्रीति, बोली -औरत किसी की प्रॉपर्टी नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*पंजाब किंग्स अब तक एकमात्र ऐसी टीम है, जो आईपीएल में एक भी मैच नहीं हारी है। इस टीम की मालकिन प्रीति जिंटा भी अपनी टीम के प्रदर्शन से बहुत खुश हैं। आमतौर पर प्रीति जिंटा मैदान में अपनी टीम को सपोर्ट करने आती हैं और लगातार चर्चा में बनी रहती हैं। मगर इस बार उनके चर्चा में आने का कारण कुछ और हैं, क्योंकि वो एक फैन पर भड़क उठी हैं। उन्होंने यह तक कह दिया कि औरत किसी की प्रॉपर्टी नहीं होती।*

### सोशल मीडिया में सवाल जवाब

*पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में केवल 2 बार फाइनल मैच खेला है, लेकिन अब तक उसे पहली ट्रॉफी नसीब नहीं हुई है। एक फैन ने सोशल मीडिया पर कहा कि पंजाब की टीम 18 साल के इतिहास में ट्रॉफी इसलिए नहीं जीत पाई है, क्योंकि 'प्रीति जिंटा' खुद एक ट्रॉफी हैं।*



### प्रीति का सटीक जवाब

इस पर प्रीति जिंटा ने जो जवाब दिया, उसने सोशल मीडिया पर सनसनी मचाई हुई है।प्रीति जिंटा ने लिखा, धन्यवाद, यह बहुत अच्छी सोच है, लेकिन सच कहूं तो कोई भी महिला ट्रॉफी नहीं बनना चाहती। ट्रॉफी पर मालिकाना हक होता है, औरत पर नहीं। ट्रॉफी को कांच की अलमारी/शोकेस में रख दिया जाता है लेकिन औरत का आपके जीवन और आपके दिल में एक खास स्थान होता है। आपके फिल्मी सवाल के लिए फिल्मी अंदाज वाला जवाब।

### लगातार दूसरे फाइनल की ओर पंजाब किंग्स

पंजाब किंग्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार दूसरे फाइनल की ओर बढ़ रही है। आईपीएल 2025 के फाइनल में पंजाब किंग्स की टीम को आरसीबी के हाथों 6 रनों की हार झेलनी पडी थी। आईपीएल 2026 में भी श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली पंजाब ने दमदार प्रदर्शन को कायम रखा है। पंजाब के 7 मैचों में 13 अंक हैं और केवल दो जीत के बाद उसकी प्लेऑफ में जगह सुनिश्चित हो जाएगी।

# मनु भाकर से वैभव सूर्यवंशी को लेकर सवाल, सोशल मीडिया पर मचा बवाल ?





**नई दिल्ली।** भारत की स्टार निशानेबाज मनु भाकर से युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी पर पूछा गया एक सवाल सोशल मीडिया पर बड़ी बहस का कारण बन गया। दिल्ली में नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के 75वें स्थापना समारोह के दौरान पत्रकारों ने मनु से 15 वर्षीय क्रिकेट प्रतिभा वैभव सूर्यवंशी को लेकर राय मांगी। मनु भाकर ने बेहद संतुलित और प्रेरणादायक जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'अगर मार्गदर्शन अच्छा हो, उसके आसपास सही लोग हों और उसे सही दिशा मिले, तो उम्र सिर्फ एक संख्या है। प्रतिभा की कोई उम्र नहीं होती। बड़ी उपलब्धियां 60 साल में भी मिलती हैं और छह साल में भी। अगर उसे सही मेंटरशिप मिली, तो वह अगला बड़ा स्टार बन सकता है।'

### सोशल मीडिया पर भड़के लोग?

हालांकि मनु के जवाब की तारीफ हुई, लेकिन कई लोगों ने सवाल पूछने के तरीके पर नाराजगी जताई। सोशल मीडिया यूजर्स का कहना था कि एक ओलंपिक पदक विजेता खिलाड़ी से किसी क्रिकेटर पर सवाल पूछना दूसरे खेलों के प्रति असंतुलित सोच को दिखाता है। पूर्व क्रिकेट प्रशासक जॉय भट्टाचार्य ने भी इस पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा, वह ओलंपिक पदक विजेता हैं। उनसे वैभव सूर्यवंशी के बारे में पूछना उनके खेल और उनकी उपलब्धियों के साथ न्याय नहीं है। क्रिकेट पहले से ही देश का सबसे लोकप्रिय खेल है। अगली बार वैभव सूर्यवंशी से मनु भाकर के बारे में पूछिए, तब चेहरे देखिए।

## खबर संक्षेप

### भारत की पुरुष टीम ने ट्यूनीशिया को हराया

**लंदन।** भारतीय पुरुष टीम ने विश्व टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप में ट्यूनीशिया पर 3-0 की शानदार जीत के साथ अपने अभियान की दमदार शुरुआत की, जबकि महिला टीम को मंगलवार को वॉकओवर मिल गया। मानुष शाह, मानव ठक्कर और हरमीत देसाई ने भारत के लिए प्रभावशाली जीत दर्ज की। शाह ने टीम को मजबूत शुरुआत देते हुए एस्सिड वासिम को 3-1 (11-5, 9-11, 11-3, 11-5) से हराया, जिसके बाद ठक्कर और देसाई ने भी 3-0 से जीत हासिल की। विश्व रैंकिंग में 38वें स्थान पर काबिज ठक्कर ने यूसुफ ऐदली को एकतरफा मुकाबले में 11-3, 11-3, 11-3 से हराकर बढ़त को और मजबूत किया। देसाई ने संयमित प्रदर्शन करते हुए अबू बकर बौरास को 11-5, 11-4, 11-8 से शिकस्त देकर टीम की आसान जीत सुनिश्चित की। इससे पहले दिन में युगांडा की टीम के मैच के लिए उपस्थित न होने के कारण भारतीय महिला टीम को 3-0 से वॉकओवर मिल गया।


### बल्लेबाजों को लेनी होगी व्यक्तिगत जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने बेंगलुरु के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी टीम की 9 विकेट से करारी शिकस्त के बाद कहा कि उन्हें भी नहीं पता चला कि टीम ने इतनी जल्दी विकेट कैसे गंवा दिए, लेकिन बल्लेबाजों को इसके लिए व्यक्तिगत जिम्मेदारी लेनी होगी। अक्षर ने कहा कि उन्हें भी नहीं पता कि टीम ने चार ओवर के अंदर 6 विकेट कैसे गंवा दिए।

## जायसवाल-फरेरा की फिफ्टी, सूर्यवंशी ने 16 बॉल पर 43 रन बनाए

# पंजाब आईपीएल में पहला मैच हारी राजस्थान ने 6 विकेट से दी शिकस्त

भाषा ▶▶| मुल्लांपुर




डोनोवन फरेरा के तूफानी अर्धशतक और शुभम दुबे के साथ उनकी अटूट अर्धशतकीय साझेदारी से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां पंजाब किंग्स को छह विकेट से हरा दिया जो मौजूदा सत्र में पंजाब की टीम की पहली हार है। पंजाब के 223 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स ने सलामी बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल (51 रन, 27 गेंद, सात चौके, एक छक्का) और वैभव सूर्यवंशी (43 रन, 16 गेंद, पांच छक्के, तीन चौके) की तूफानी पारियों के बाद डोनोवन फरेरा (नाबाद 52 रन, 26 गेंद, छह चौके, तीन छक्के) और शुभम दुबे (नाबाद 31 रन, 12 गेंद, तीन चौके, दो छक्के) के बीच पांचवें विकेट की 32 गेंद में 77 रन की अटूट साझेदारी से 19.2 ओवर में चार विकेट पर 228 रन बनाकर जीत दर्ज की। पंजाब किंग्स ने मार्कस स्टोइनिस (नाबाद 62, 22 गेंद, छह छक्के, चार चौके) के ताबड़तोड़ अर्धशतक और सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन (59 रन, 44 गेंद, छह चौके, एक छक्का) के जुझारू अर्धशतक से चार विकेट पर 222 रन बनाए। प्रभसिमरन ने अर्धशतक जड़ने के अलावा कूपर कोनोली (30) के साथ दूसरे विकेट के लिए 59 और कप्तान श्रेयस अय्यर (30) के साथ तीसरे विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी भी की। स्टोइनिस की तूफानी पारी से पंजाब किंग्स की टीम आखिरी तीन ओवर में 55 रन जोड़ने में सफल रही। रॉयल्स की ओर से लेग स्पिनर यश राज पुंजा सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 41 रन देकर दो विकेट चटकाए। नांद्रे बर्गर काफी महंगे साबित हुए। उन्होंने 59 रन देकर एक विकेट चटकाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे रॉयल्स को वैभव और यशस्वी जायसवाल ने तूफानी शुरुआत दिलाई। सूर्यवंशी ने अर्शदीप की लगातार गेंदों पर छक्के और दो चौकों से खाता खोलने के बाद अगले ओवर में लॉकी की लगातार गेंदों पर चौका और दो छक्के मारे। सूर्यवंशी ने अर्शदीप के अगले ओवर में भी छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर मिड ऑफ से पीछे की ओर दौड़ते हुए कप्तान श्रेयस अय्यर ने उनका कैच लपका। उन्होंने 16 गेंद का सामना करते हुए पांच छक्के और तीन चौके मारे।

### पंजाब-222/4 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| प्रभसिमरन का पराग बो यश | 59 |
| प्रियांश आर्य का बर्गर बो आर्चर | 29 |
| कूपर कोनोली का फरेरा बो यश | 30 |
| श्रेयस अय्यर का जुरेल बो बर्गर | 30 |
| मार्कस स्टोइनिस नाबाद | 62 |
| सूर्यांश शेडगे नाबाद | 03 |

अतिरिक्त:09

कुल:20 ओर में चार विकेट पर: 222 रन

विकेट पतन: 1-37, 2-96, 3-144, 4-181

गेंदबाजी: आर्चर 4-0-40-1, बर्गर 4-0-59-1, बृजेश 4-0-42-0, यश 4-0-41-2, जडेजा 4-0-32-0

### रॉयल्स-228/4 (19.2)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| यशस्वी का शेडगे बो चहल | 51 |
| सूर्यवंशी का अय्यर बो अर्शदीप | 43 |
| ध्रुव जुरेल का यानसेन बो चहल | 16 |
| रियान पराग का शेडगे बो चहल | 29 |
| डोनोवन फरेरा नाबाद | 52 |
| शुभम दुबे नाबाद | 31 |

अतिरिक्त:06

कुल:19.2 ओवर में चार विकेट पर: 228

विकेट पतन: 1-51, 2-105, 3-123, 4-151

गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-68-1, फर्ग्युसन 4-0-57-0, यानसेन 3.2-0-41-0, बरार 4-0-25-0, चहल 4-0-36-3

### जीत की तलाश में मुंबई आज हैदराबाद से टक्कर

**मुंबई।** पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस को अगर अपनी किस्मत पलटनी है तो उसे शानदार फॉर्म में चल रहे सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बुधवार को होने वाले आईपीएल के महत्वपूर्ण मुकाबले में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। मुंबई की टीम पहले 7 मैचों में 5 में हार से 4 अंक लेकर नौवें स्थान पर है। मुंबई की टीम की चिंता भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम के चार खिलाड़ियों में शामिल कप्तान हार्दिक पंड्या (तीन विकेट और 97 रन) और सूर्यकुमार यादव (110) का खराब प्रदर्शन है। तिलक वर्मा के गुजरात टाइटन्स के खिलाफ आईपीएल में पहले शतक से मुंबई लगातार चार मैचों में हार का सिलसिला तोड़ने में सफल रहा था लेकिन चेन्नई से मिली करारी हार ने एक बार फिर उसके लड़खड़ाते अभियान को और भी मुश्किल में डाल दिया। सनराइजर्स इस बात से अच्छी तरह वाकिफ होगा कि मुंबई अपनी हार का सिलसिला तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। ऐसे में उसकी उम्मीद बल्लेबाजों पर टिकी रहेगी जो वानखेड़े स्टेडियम की बल्लेबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

## आईसीसी विमेंस टी20 रैंकिंग

### लौरा ने लगाई लंबी छलांग तीसरे पायदान पर पहुंचीं



एजेंसी ▶▶| दुबई


साउथ अफ्रीकी कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट ने आईसीसी विमेंस टी20 प्लेयर्स रैंकिंग में अपने करियर की सबसे ऊंची रेटिंग हासिल कर ली है। वोल्वार्ड्ट हाल ही में भारत के खिलाफ 5 मुकाबलों की टी20 सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी रही थीं। लौरा वोल्वार्ड्ट टी20 बल्लेबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। अब वह 'नंबर 1' पर काबिज जॉर्जिया वोल से ठीक पीछे हैं। शानदार फॉर्म में चल रही इस साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी ने अपने हालिया दमदार प्रदर्शन की बदौलत अपने करियर की सबसे ऊंची रेटिंग हासिल की है। ऋचा घोष 2 पायदान ऊपर चढ़कर 22वें स्थान पर और सुने लुस 6 स्थान की छलांग लगाकर 29वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

### चौथे पायदान पर पहुंचीं दीप्ति

शीर्ष टी20 गेंदबाजों की सूची में मुकाबला अभी भी कड़ा बना हुआ है। इस सूची में पाकिस्तानी स्पिनर सादिया इकबाल सबसे आगे हैं। भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे पायदान पर पहुंच गई हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका की स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा दो स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर आ गई हैं। विमेंस टी20 वर्ल्ड कप की शुरुआत 12 जून से होगी, जिससे पहले ये दोनों खिलाड़ी संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर काबिज हैं।

## मैड्रिड ओपन

# ओसाका को हराकर क्वार्टर फाइनल में सबालेंका की एंट्री



### मुझे टैकोस से परहेज करना होगा : एरीना

*सबालेंका ने कहा, 'अभी तक तो सब ठीक है। मैंने सुना है कि मुझे उन टैकोस से परहेज करना होगा। मैं वही खाना खा रही हूं, जो मैं टूर्नामेंट की शुरुआत से खा रही हूं।'*

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एरीना सबालेंका ने मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खिलाड़ियों की बीमारी का कारण बने वायरस के खतरे और नाओमी ओसाका के जुझारू खेल से खुद को बचाते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इगा स्वियातेक, कोको गॉफ, मारिन सिलिच और कुछ अन्य खिलाड़ी पेट में संक्रमण से प्रभावित हुए हैं लेकिन सबालेंका ने कहा कि वह साधारण आहार करके बीमारी से बचने की कोशिश कर रही है। खिलाड़ियों के बीच यह अफवाह थी कि खराब झींगा टैको संक्रमण के लिए जिम्मेदार थे।

### 2 घंटे 20 मिनट चला मुकाबला

मौजूदा चैंपियन सबालेंका ने चौथे दौर के मुकाबले में ओसाका के खिलाफ एक सेट और एक ब्रेक से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की। उन्होंने 2 घंटे 20 मिनट तक चले मैच में 6-7 (1), 6-3, 6-2 से जीत हासिल की। सबालेंका का अगला मुकाबला अमेरिकी खिलाड़ी हेली बैपटिस्ट से होगा, जिन्होंने बेलिंडा बेनसिच को 6-1, 6-7 (14), 6-3 से हराया।

### पोटापोवा से हारी रायबाकिना

विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी एलेना रायबाकिना भी अनास्तासिया पोटापोवा से सीधे सेटों में हार गईं। पुरुष वर्ग में 19 वर्षीय राफेल जोडर ही एकमात्र स्पेनिश खिलाड़ी बचे हैं क्योंकि अन्य स्थानीय खिलाड़ियों में डेनियल मेरिडा स्टेफानोस सिटसिपास से 6-4, 6-2 से और एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना मौजूदा चैंपियन कैस्पर रूड से 6-3, 6-1 से हार गए।

## राष्ट्रमंडल युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप

# भारतीय भारोत्तोलकों का शानदार प्रदर्शन, जीते चार स्वर्ण पदक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय भारोत्तोलकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए समोआ के अपिया में चल रही राष्ट्रमंडल युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप और संबंधित यूनिवर्सल कप (सीनियर) में प्रतियोगिता के दूसरे दिन 4 स्वर्ण पदक जीते। सुनील सिंह ने 65 किलोग्राम पुरुष वर्ग में कुल 271 किलोग्राम (स्नैच में 126 किलोग्राम और क्लीन एवं जर्क में 145 किलोग्राम) भार उठाकर स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि ऐसांगफा गोगोई ने 58 किलोग्राम महिला वर्ग में और अभिनव गोगोई ने 71 किलोग्राम पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। ऐसांगफा ने कुल 185 किलोग्राम (स्नैच में 79 किलोग्राम और क्लीन एवं जर्क में 106 किलोग्राम) भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि अभिनव ने कुल 284 किलोग्राम (स्नैच में 129 किलोग्राम और क्लीन एवं जर्क में 155 किलोग्राम) भार उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।



### यूनिवर्सल कप में पेसी ने जीता गोल्ड

यूनिवर्सल कप में अरुणाचल प्रदेश के चारू पेसी ने पुरुषों के 65 किलोग्राम वर्ग में 289 किलोग्राम (स्नैच में 127 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 162 किलोग्राम) के कुल भार के साथ स्वर्ण पदक जीता। भारतीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) के अध्यक्ष सहदेव यादव ने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों, कोच और सहायक कर्मचारियों को बधाई दी। यादव ने अपने बधाई संदेश में कहा, 'ये उपलब्धियाँ हमारे खिलाड़ियों और सहायक टीम की कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। भारत वैश्विक भारोत्तोलन मंच पर एक मजबूत दावेदार के रूप में उभर रहा है।'

### धावक सावे ने पेश की मिसाल, खुद कराए कई डोप टेस्ट

**लंदन।** दो घंटे से कम समय में मैराथन पूरी करने वाले पहले धावक सबास्टियन सावे ने यह रिकॉर्ड बनाने से पहले स्वयं ही डोपिंग के कई परीक्षण करवाए और उन्हें उम्मीद है कि वह दुनिया के सामने यह साबित कर देंगे कि वह पूरी तरह से साफ सुथरा होकर प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। कीनिया के इस 29 वर्षीय धावक ने रविवार को लंदन मैराथन में 1 घंटे, 59 मिनट और 30 सेकंड का समय लेकर वह कारनामा कर दिखाया, जिसे लंबे समय से असंभव माना जा रहा था। सावे ने अपने कोच और प्रबंधन टीम के साथ मिलकर अपने प्रदर्शन को लेकर किसी भी संदेह को दूर करने के लिए स्वेच्छा से 'कई' डोपिंग परीक्षण करवाए। सावे ने कहा, 'मेरे देश में डोपिंग कैंसर बन गया है और इसलिए मैं कड़ी परीक्षण प्रक्रिया से गुजरा।'

## नेशनल अंडर-17 कुश्ती

# हरियाणा 215 प्वाइंट के साथ ओवरऑल चैंपियन

**प्रदेश के खिलाड़ियों ने 6 स्वर्ण, एक रजत, तीन कांस्य और कुल 10 पदक जीते**

**रोहतक।** नेशनल अंडर-17 कुश्ती प्रतियोगिता में प्रदेश की महिला पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन किया। इसमें हरियाणा ने 215 प्वाइंट के साथ ओवरऑल पहला स्थान हासिल किया। यह प्रतियोगिता महाराष्ट्र में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में हरियाणा ने 6 स्वर्ण, एक रजत, तीन कांस्य और कुल 10 पदक जीते। हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश बोहर ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हरियाणा की पहलवान बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करके प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने सभी महिला पहलवानों को आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। 40 किलोग्राम में झज्जर की तानिया ने कांस्य पदक हासिल किया। 43 किलोग्राम में झज्जर की दिक्षा ने स्वर्ण, 46 में रोहतक की विनाक्षी ने कांस्य, 49 किलोग्राम में सोनीपत की निकिता ने स्वर्ण, 53 किलोग्राम में झज्जर की निशा ने रजत, 57 किलोग्राम में सोनीपत की साक्षी ने स्वर्ण पदक हासिल किया। 61 किलोग्राम में पलवल की मनीषा ने स्वर्ण, 65 किलोग्राम में हिसार की अंतरा ने कांस्य, 69 किलोग्राम में जींद की तानिया ने स्वर्ण और 73 हिसार की गरिमा ने स्वर्ण पदक हासिल किया।

## भारतीय महिला खिलाड़ियों ने गंवाए महत्वपूर्ण मौके

# उबेर कप में भारत का सफर खत्म, चीन फिर बना बाधा

एजेंसी ▶▶| होर्सेंस

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु मजबूत स्थिति में होने का फायदा नहीं उठा पाई जबकि अन्य खिलाड़ियों ने भी महत्वपूर्ण मौकों पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, जिससे भारत उबेर कप में चीन से 0-5 से हारकर इस बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गया।

भारतीय महिला टीम ने मेजबान डेनमार्क से 2-3 की हार के साथ शुरुआत की थी, लेकिन उसके बाद उसने यूक्रेन पर 4-1 से जीत हासिल करके क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीद बनाए रखी थी। उबेर कप में 16 बार के चैंपियन चीन से भारत को पिछले तीनों मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है।



### वांग झियी से हारी सिंधु

सिंधु ने भारत की तरफ से शुरुआत की जबकि उन्नति हुडा और तन्वी शर्मा की जगह अन्य दो एकल मुकाबलों के लिए ईशरानी बरुआ और देविका सिहाग को टीम में शामिल किया गया। सिंधु निर्णायक सेट में 18-12 से आगे थी लेकिन आखिर में वह विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी वांग झियी से 16-21, 21-19, 19-21 से हार गईं। इससे चीन ने ग्रुप ए के इस महत्वपूर्ण मुकाबले में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली।


### नहीं टिक पाई प्रिया और श्रुति की जोड़ी

प्रिया कोजेंगबम और श्रुति मिश्रा पहले युगल मुकाबले में विश्व की नंबर एक जोड़ी लियू शेंग शू और टैन निंग के सामने नहीं टिक पाईं और 11-21, 8-21 से हार गईं। इशारानी बरुआ ने तोक्यो ओलंपिक चैंपियन चेन युफेई के सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन विश्व में 38वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी ने पहले गेम में 20-19 पर एक आसान मौका गंवा दिया। विश्व में चौथे नंबर की खिलाड़ी युफेई ने यह मैच 44 मिनट में 22-20, 21-13 से जीतकर चीन को 3-0 की अजेय बढ़त दिला दी।

## खबर संक्षेप

### ड्रग तस्कर डोला को वापस लाना बड़ी सफलता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह अमित शाह ने कहा कि नार्को सिंडिकेट के खिलाफ मोदी सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति के अनुरूप, एनसीबी ने आज तुर्की से कुख्यात ड्रग तस्कर मोहम्मद सलीम डोला को वापस लाने में एक बड़ी सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के ड्रग कार्टेल को पूरी तरह से खत्म करने के मिशन के तहत, हमारी नार्कोटिक्सरोधी एजेंसियों ने वैश्विक एजेंसियों के एक मज़बूत नेटवर्क के ज़रिए सीमाओं के पार भी अपनी पकड़ बना ली है। ड्रग सरगना कहीं भी छिप जाएं।



### चिदंबरम केस से खुद अलग हुई जज स्वर्णकांता

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट की जज जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने मंगलवार को कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। याचिका में व्हिस्की की ड्यूटी-फ्री बिक्री पर प्रतिबंध के मामले में एक शराब कंपनी की कथित रूप से मदद करने को लेकर कांग्रेस नेता के खिलाफ दर्ज केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की एफआईआर रद्द किए जाने का अनुरोध किया गया है। जज ने कहा कि इसे किसी अन्य पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए। अब मामले को 21 जुलाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा।



### वॉशिंगटन के मेयर की दौड़ में शामिल रिनी

**वॉशिंगटन।** वाशिंगटन डीसी के मेयर चुनाव में भारतीय मूल की रिनी संपत का दावा बेहद मजबूत होता जा रहा है। रिनी संपत को अब अमेरिकन हिंदू कोएलिशनने भी अपना समर्थन दे दिया है। इससे उनकी दावेदारी और ज्यादा मजबूत हो गई है। रिनी 16 जून को डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से अभी प्राइमरी चुनाव लड़ रही हैं। उनका मुख्य एजेंडा आधारभूत समस्याओं को ठीक करना और एक नया वाशिंगटन डीसी बनाना है। रिनी संपत का जन्म तमिलनाडु के तेनी में हुआ था। वे सात वर्ष की उम्र में अमेरिका आईं।



---

### शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों की बैठक में राजनाथ सिंह की दो टूक

# 'आतंकवाद' दुनिया के लिए सबसे बड़ा खतरा समर्थन देने वाले देशों के खिलाफ उठाएं कदम

*राजनाथ ने कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ "जीरो टॉलरेंस" की नीति पर मजबूती से कायम है। उन्होंने पिछले वर्ष पहलगाम में हुए आतंकी हमले को याद करते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं पूरी मानवता को झकझोर देती हैं और वैश्विक समुदाय को एकजुट होकर इसके खिलाफ खड़ा होना चाहिए*

एजेंसी ▶▶ बिश्केक

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद के मुद्दे पर बेहद स्पष्ट और सख्त रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि राज्य प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद किसी भी देश की संप्रभुता पर सीधा हमला है और इसे किसी भी परिस्थिति में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के मामले में किसी भी तरह के दोहरे मानदंडों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि एससीओ को ऐसे देशों के खिलाफ ठोस कदम उठाने चाहिए जो आतंकवादियों को समर्थन, संरक्षण या सुरक्षित पनाह देते हैं। रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत ने यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि आतंकवाद के अड्डे अब दंड से बच नहीं सकते। उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ "जीरो टॉलरेंस" की नीति पर मजबूती से कायम है।

आतंक के केंद्र अब सुरक्षित नहीं रह सकते



एससीओ बैठक को संबोधित करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह



राजनाथ रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव और चीन के रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून से मिले

**एससीओ को सराहा**

राजनाथ सिंह ने एससीओ के क्षेत्रीय आतंकवाद विरोधी ढांचे की सराहना करते हुए कहा कि यह मंच आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद के खिलाफ महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत एससीओ के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और सहयोग, समानता तथा पारस्परिक विश्वास के आधार पर संगठन को शांति और स्थिरता का प्रतीक बनाया जा सकता है।

#### शांति को दें प्राथमिकता

राजनाथ सिंह ने बदलते वैश्विक परिदृश्य पर चिंता व्यक्त की। दुनिया इस समय बढ़ते टकराव और एकतरफावाद के दौर से गुजर रही है, जिससे वैश्विक सहमति कमजोर हो रही है। महात्मा गांधी का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि 'आंख के बदले आंख' की नीति पूरी दुनिया को अंधकार की ओर ले जाती है। उन्होंने कहा कि हर निर्णय का असर गरीब और जरूरतमंद लोगों पर भी पड़ता है, इसलिए शांति और करुणा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

#### आतंकवाद का धर्म नहीं

रक्षा मंत्री ने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म या राष्ट्रीयता नहीं होती। किसी भी शिकायत या मतभेद को हिंसा और निर्दोष लोगों की हत्या का आधार नहीं बनाया जा सकता। उन्होंने कहा कि कट्टरता, उग्रवाद और अलगाववाद से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग बेहद जरूरी है। इसके साथ ही आतंकवादियों के सुरक्षित ठिकानों को खत्म करना और उन्हें राजनीतिक संरक्षण देने की प्रवृत्ति को रोकना समय की मांग है।

---

### वैश्विक मुद्दों पर यूएन प्रमुख से हुई चर्चा

## बेयरबॉक की जयशंकर से मुलाकात भारत की भूमिका को बताया अहम



एनालेना बेयरबॉक और एस. जयशंकर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने नई दिल्ली में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की अध्यक्ष एनालेना बेयरबॉक से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि बैठक में यूएन80,सतत विकास लक्ष्य, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और पश्चिम एशिया के हालात पर चर्चा हुई। साथ ही आज के समय के अनुसार वैश्विक संस्थाओं में सुधार की जरूरत पर जोर दिया गया, खासकर वैश्विक दक्षिण के हितों को ध्यान में रखते हुए। हैदराबाद हाउस में हुई इस मुलाकात में बेयरबॉक ने भारत सरकार के आमंत्रण और मेहमाननवाजी के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया में बढ़ते तनाव, विभाजन और संयुक्त राष्ट्र के मूल सिद्धांतों पर दबाव जैसी चुनौतियां सामने हैं।

#### भारत दुनिया का बड़ा लोकतंत्रः बेयरबॉक

बेयरबॉक ने कहा कि उनके कार्यकाल की प्राथमिकता संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून की रक्षा करना है। उन्होंने बहुपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के लिए अलग-अलग क्षेत्रों के देशों के गठबंधन की बात कही। उन्होंने कहा, भारत दुनिया का बड़ा लोकतंत्र है और ऐसे समय में वैश्विक सहयोग में उसकी अहम भूमिका है। यूएनजीए प्रमुख ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र का चार्टर हमारा साझा जीवन बीमा है। इस 80वें सत्र में सत्र में महासभा के अध्यक्ष के रूप में मेरी प्राथमिकता संयुक्त चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून के शासन की रक्षा करना है। इसको लेकर मैंने बहुपक्षीय और संयुक्त राष्ट्र का समर्थन करने के लिए एक अंतर-क्षेत्रीय गठबंधन बनाने का भी आह्वान किया है। यही वजह है कि मैं भारत की यात्रा पर आई हूं, जो दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है।

#### भारत यूएन का संस्थापक सदस्य

बेयरबॉक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के संस्थापक सदस्य के रूप में भारत ने 80 वर्षों के इतिहास में अहम भूमिका निभाई है। 1948 से भारत ने शांति सुरक्षा के क्षेत्र में 53 से अधिक अभियानों में तीन लाख से अधिक सैनिक भेजे हैं। वैश्विक शांति की सेवा में 184 से अधिक भारतीय शांति सैनिकों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के समर्थन के रूप में भारत दक्षिण-दक्षिण सहयोग में अग्रणी भूमिका निभाता है।

---

### सिविलियन एस्ट्रोनॉट्स की भर्ती

## अब आम नागरिक भी कर सकेंगे 'अंतरिक्ष' की यात्रा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में अब तक एस्ट्रोनॉट यानी अंतरिक्ष यात्री बनने की एक ही अहम शर्त थी- मिलिट्री टेस्ट पायलट होना। लेकिन, अब यह नियम बहुत जल्द बदल सकता है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अपने भविष्य के एस्ट्रोनॉट बैच में आम नागरिकों को भी शामिल करने की योजना बना रहा है। गगनयान मिशन के पहले बैच के लिए अब तक केवल इंडियन एयरफोर्स (आईएएफ) के टेस्ट पायलट ही चुने गए हैं। अब इसरो की चयन समिति ने सिफारिश की है कि अगले बैच में एक मिश्रित होना चाहिए। रिपोर्ट के मुताबिक इस नए बैच में लगभग 6 मिशन पायलट (मिलिट्री बैकग्राउंड वाले) और 4 सिविलियन स्पेशलिस्ट (स्टेम बैकग्राउंड वाले) शामिल किए जा सकते हैं। इसरो मुख्य रूप से उन उम्मीदवारों को प्राथमिकता देगा जिनका स्टेम (साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग एंड मैथमेटिक्स) बैकग्राउंड बहुत मजबूत है, यानी इसमें इंजीनियरिंग, वैज्ञानिक रिसर्च या किसी विशेष तकनीकी क्षेत्र के माहिर लोग शामिल हो सकेंगे।



---

### बैंक ने कहा था- खाताधारक को लाओ

## कब्र से 'बहन का कंकाल' निकाल कर पहुंच गया ओडिशा का शख्स

**क्योंझर (एजेंसी)।** ओडिशा से एक परेशान कर देने वाली खबर सामने आई है। इस घटना ने क्योंझर में ग्रामीण भारत में बैंकिंग जागरूकता और प्रक्रियाओं पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। यहां एक आदिवासी व्यक्ति अपनी मृत बहन का कंकाल बैंक ले आया। उसने ऐसा इसलिए किया क्योंकि उसे कहा गया था कि वह खाताधारक को खुद बैंक में पेश करे। जबकि अकाउंट होल्डर महिला की मौत हो चुकी थी। यह घटना पटना ब्लॉक में ओडिशा ग्रामीण बैंक की मालीपोसी शाखा में हुई। इस व्यक्ति की पहचान जीतू मुंडा (50) के रूप में हुई है, जो दियानाली गांव का रहने वाला है। वह अपनी दिवंगत बहन के खाते से 20,000 रुपए निकालने की कोशिश कर रहा था। उसकी बहन, कालरा मुंडा (56), का निधन 26 जनवरी, 2026 को हो गया था। बैंक के बार-बार चक्कर लगाने के बाद निराश होकर, जीतू ने एक बेहद कड़ा कदम उठाया। हालात की जानकारी मिलने के बाद पुलिस बैंक पहुंची और तुरंत मामले में हस्तक्षेप किया।



कंकाल को ले जाते हुए


---

### अमेरिका की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पेंटागन का खुलासा

## चीन-रूस की मिसाइलों के सामने अमेरिकी रक्षा सिस्टम बेअसर, 'गोल्डन डोम' बनेगा संजीवनी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक अहम खुलासा सामने आया है। अमेरिकी रक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मार्क जे बर्कविट्ज ने कहा कि मौजूदा अमेरिकी रक्षा प्रणाली केवल छोटे स्तर के हमलों को ही रोक सकती है और हाइपरसोनिक या क्रूज मिसाइल जैसे आधुनिक खतरों के खिलाफ लगभग बेअसर है। अमेरिकी रक्षा और सैन्य अधिकारियों ने वित्त वर्ष 2027 के बजट पर चर्चा के दौरान सीनेट में यह बात रखी। उन्होंने चेतावनी दी कि



चीन, रूस, ईरान और उत्तर कोरिया जैसे देश तेजी से ऐसे हथियार विकसित कर रहे हैं, जो पारंपरिक रक्षा प्रणाली को आसानी से चकमा दे सकते हैं। मौजूदा सिस्टम को इस तरह के आधुनिक खतरों के लिए डिजाइन ही नहीं किया गया था।

#### 'गोल्डन डोम'- अमेरिका की नई रक्षा योजना

पेंटागन के अधिकारियों ने सीनेट को बताया कि इन खतरों से निपटने के लिए अमेरिका एक महत्वाकांक्षी रक्षा परियोजना गोल्डन डोम पर काम कर रहा है। इस योजना के तहत अंतरिक्ष आधारित सेंसर नेटवर्क तैयार किया जाएगा। जमीन और समुद्र आधारित इंटरसेप्टर तैनात होंगे। एआई आधारित कमांड और कंट्रोल सिस्टम होगा। डायरेक्टेड एनर्जी वेपन्स (लेजर आदि) का उपयोग किया जाएगा। अनुमानित लागत 14-15 लाख करोड़ रुपए आएगी।

---

### भागवत बोले, यह पहले से ही वास्तविकता

## भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की कोई जरूरत नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा है कि अयोध्या में राम मंदिर सत्ता में बैठे लोगों की प्रतिबद्धता और पूरे देश के लोगों के समर्थन की वजह से बना है। उन्होंने भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की चर्चाओं को लेकर कहा है कि इसकी आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यह पहले से ही एक वास्तविकता है। भागवत ने कहा है कि देश के नेतृत्व की इच्छाशक्ति, प्रतिबद्धता और जन-समर्थन की वजह से राम मंदिर बना है। उन्होंने कहा कि जो लोग पहले भारत की मजाक उड़ाते थे, वह भी इसे हिंदुओं की भूमि कहने लगे हैं। सोमवार को नागपुर में अयोध्या के राम मंदिर के निर्माण की अगुवाई करने वालों लोगों के सम्मान के लिए आयोजित एक कार्यक्रम को संबंधित करते हुए डॉ. भागवत ने यह बात कही। इस कार्यक्रम का आयोजन नागपुर के रेशमबाग स्थित डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति ने आयोजित किया। डॉ. भागवत बोले कि अयोध्या का राम मंदिर भगवान राम की इच्छा से बना है। इसके लिए भगवान कृष्ण के द्वारा गोवर्धन पर्वत उठाए जाने का जिक्र किया और कहा कि यह तभी संभव होता है, जब सामूहिक प्रयास होते हैं। यह भगवान की अंगुलियों पर टिका है, लेकिन अंगुली तब तक नहीं हिलती, जब तक लोग अपनी लकड़ियां नहीं लगाते।



---

### केंद्र का दावा : एलपीजी वितरक केंद्र पर 'ड्राई-आउट' की स्थिति नहीं...

## देश में गैस की किल्लत नहीं कमर्शियल आपूर्ति बहाल हुई

**नई दिल्ली (हरिभूमि ब्यूरो)।** केंद्र सरकार ने देशभर में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी, पाइप्ड नेचुरल गैस, और परिवहन क्षेत्र के लिए सीएनजी की 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि घरेलू गैस आपूर्ति पूरी तरह स्थिर है और किसी भी वितरक केंद्र पर गैस की कमी या सप्लाई बाधित होने की कोई सूचना नहीं है। एक अंतर-मंत्रालयी प्रेस ब्रीफिंग में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि घरेलू एलपीजी की आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है और देश के किसी भी एलपीजी वितरक केंद्र पर 'ड्राई-आउट' की स्थिति नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि आम नागरिकों को रसोई गैस की उपलब्धता में किसी प्रकार की परेशानी न हो। सुजाता शर्मा ने बताया कि वाणिज्यिक एलपीजी और पीएनजी की आपूर्ति को भी धीरे-धीरे बहाल किया जा रहा है और वर्तमान में इसे 70 प्रतिशत तक पुनर्स्थापित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों को प्राथमिकता के आधार पर गैस आपूर्ति दी जा रही है। ताकि आवश्यक सेवाओं पर कोई असर न पड़े।



---

### यूएनएससी में भारत की दो टूक

## 'होर्मुज' में स्वतंत्र, सुरक्षित और निरंतर आवाजाही जल्द बहाल हो

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** पश्चिम एशियाँ बढ़ते संकट के बीच, भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से सुरक्षित और निर्बाध समुद्री आवागमन को जल्द से जल्द बहाल करने का आग्रह किया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 'समुद्री क्षेत्र में जलमार्गों की सुरक्षा और संरक्षण' पर एक खुली बहस को संबोधित करते हुए, संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की प्रभारी राजदूत, योजना पटेल ने इस बात पर जोर दिया कि भारत समुद्री सुरक्षा और जलमार्गों के संरक्षण को वैश्विक सुरक्षा और आर्थिक समृद्धि के लिए आवश्यक मानता है।



योजना पटेल

#### होर्मुज पर ईरान को नियंत्रण का अधिकारः रूस

यूएनएससी में रूस के राजदूत वैसिली नेबेंजिया ने कहा कि मौजूदा हालात में ईरान को इस अहम समुद्री मार्ग पर यातायात नियंत्रित करने का पूरा अधिकार है। नेबेंजिया ने पश्चिमी देशों पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ईरान पर पूरी जिम्मेदारी थोपने की कोशिश की जा रही है।

---

### महिला आरक्षण पर फिलहाल नहीं थमता दिख रहा हंगामा

## रिजिजू का दावा- थरूर ने स्वीकारा कांग्रेस महिला विरोधी

**नई दिल्ली।** महिला आरक्षण पर पिछले दिनों संसद से लेकर सड़क तक खूब हंगामा हुआ। सरकार ने महिला आरक्षण से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक को लोकसभा में पेश किया, लेकिन विपक्ष के विरोध के चलते यह विधेयक पारित नहीं हो सका। अब इस मुद्दे पर किरेन रिजिजू ने एक बार फिर कांग्रेस पर हमला किया है। इसके साथ ही दावा किया है कि शशि थरूर भी उनकी इस टिप्पणी से सहमत थे कि कांग्रेस को महिला विरोध पार्टी के रूप में देखा जा सकता है। वहीं शशि थरूर ने उनके इस बयान को फर्जी बताया।

#### केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर किया फिर हमला





#### मुझे कोई भी महिला विरोधी नहीं मानेगीः थरूर

एक इंटरव्यू में किरेन रिजिजू ने कहा कि संसद सत्र समाप्त होने के बाद हमने एक तस्वीर ली। इस दौरान शशि थरूर ने कहा, कोई भी महिला मुझे महिला विरोधी नहीं मानेगी। मैंने उन्हें जवाब देते हुए कहा कि हां कोई भी महिला आपको महिला विरोधी नहीं कहेगी। यह मैं मानता हूं। लेकिन आपकी पार्टी महिला विरोधी है। रिजिजू ने दावा किया शशि थरूर ने मेरी इस बात को मानी और मैंने थरूर की बात को स्वीकार किया।

*रिजिजू का दावा*

#### *शशि थरूर का मतलब पार्टी महिला विरोधी हो सकती है*

रिजिजू ने कहा कि शशि थरूर का यही मतलब था कि पार्टी महिला विरोधी हो सकती है लेकिन कोई भी महिला शशि थरूर को महिला विरोधी नहीं मानेगी। सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करते हुए रिजिजू ने कहा, शायद यह इसलिए कि वह महिलाओं में बहुत लोकप्रिय हैं।

#### *थरूर बोले- 7 गवाह मैंने नहीं कहा ऐसा*

केंद्रीय मंत्री रिजिजू के इस दावे पर शशि थरूर ने अपना रिएक्शन दिया। उन्होंने कहा, मैंने ऐसी कोई बात नहीं कही है और न ही ऐसा कोई संकेत दिया है। थरूर ने कहा, कि फोटो में 7 लोग है, जो असलियत बता सकते हैं। थरूर ने कहा कि सोनिया गांधी के नेतृत्व में एक सशक्त महिला राष्ट्रपति के रूप में हमने महिलाओं के अधिकारों और आरक्षण के लिए आवाज उठाई है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28